CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

लिये इस प्रकार निरूपण है । "यदुपतिर्द्विरदराजबिहार" इस श्लोक में ऐसा भाव कहा गया है । अथवा व्रजपद से व्रजस्थिता गोपियाँ कही गयी हैं । जिस समय रात्रि में संकेतस्थान पर श्रीकृष्ण को उपयोगी नाना वस्तुओं से संपन्न होकर प्रतीक्षा करती हुई गोपियाँ अपने अपने स्थान में ठहरतीं हैं उस समय श्रीकृष्ण वहाँ अकस्मात् प्रकट होते हैं, उस समय का स्मरण कर यह पद कहा गया है । इस लिये फल रूप का कथन है । सन्ध्याकाल में पुष्पत्व और रात्रि में फलरूपता यहाँ यथायुक्त है । यहाँ भी ऐसा अर्थ है । जिससे साधारण व्रज के जो भाग्य है उस का फल रूप उदय जिनका है । उस समय उन का उदय असाधारण रूप है । व्रज के भाग्य रूप में श्रीकृष्ण के प्रगट होने पर भी जो इस रस में अनभिज्ञ हैं वे इस भाव को नहीं जानते हैं । तो भी प्रार्थना करना उचित है, यह भाव सबसे ऊपर है ऐसा हार्द्द जानना । आगमन के उत्तर समय का स्मरण कर कहती हैं "प्रतिक्षणातिसुखदो" । प्रतिक्षण केवल संगम सुख से भी अतिशय सुख के दाता यह अर्थ है । अतिशय सुख का उत्पन्न परिरम्भण, आलिङ्गनादि से है । पूर्व पूर्व क्षण से उत्तरोत्तर क्षण में एक मात्र आलिङ्गनादि से अतिशय सुख के देने वाले ऐसा तात्पर्य्य है । किम्बा यहाँ प्रतिक्षण पद से संगमादि के द्वारा प्रतिक्षण संजात सुख का लक्ष है । पहली अवस्था में उत्कण्ठिता उस के अनन्तर श्रीकृष्ण के उपस्थित होने पर उन का दर्शन से जो सुख है वह केवल अनुभव वेद्य मात्र है, वह सुखानुभव सर्वातिशायी है, अतः अति सुखद ऐसा कहा गया है । दोनों समय में यह नाम का निर्देश होता है । अब उस के उत्तर समय का स्मरण कर कहती हैं—"मोहन" इस पद से । विविध बन्धादि से मोहन ऐसा अर्थ है । वह सर्वत्र सर्वांश में ऐसा विशेष निर्देश नहीं है । अर्थात् जिस प्रकार गोपियों को

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मोहन हों उस प्रकार वे करते हैं यह भावार्थ है। अब मोहन शब्द के बोलने पर राधा का मर्म स्पर्श हुआ, उस से मूर्च्छा आ गई, फिर किसी प्रकार प्रबोधित हो कर अत्यन्त आर्त्ति के साथ श्रीकृष्ण का आगमन हुआ हृदय में ऐसा स्मरण करती हुई कहने लगीं "मधुर" इस पद से। शृङ्गार करते हुए आगमन के कारण श्रीकृष्ण को सहज में ही इस प्रकार कान्ति है। आगमन से पहले कान्ति प्रकट से ही आगमन का लक्ष होता है। अतः यहाँ कान्ति का निरूपण किया गया है। किम्वा वे सर्वशक्ति पूर्ण हैं, उन की रमण की इच्छा हुई, परन्तु उन की तेज को कोई सहन नहीं कर सकता है, उन के समान कोई नहीं हैं अत एव रमण में किस प्रकार रसोत्पत्ति हो सकती है इस लिये आप कहने लगीं "मधुर" इस पद से। तात्पर्य्य-वे कोटि सूर्य्य से अधिक तेजोवान् होने पर भी सूर्य्य की भाँति कठिन नहीं हैं परन्तु सर्वदा मधुर स्वरूप हैं। अथवा जिस समय श्रीकृष्ण का आगमन है उसे कह कर, अन्यत्र रात्रि बिताकर प्रातः यहाँ आवेंगे, उस समय मानिनी मुझ राधिका में इस प्रकार मोहन डालेंगे जिस से शीघ्र ही वश में आ जाऊँगी इस प्रकार स्मरण कर मोहन पद का प्रयोग किया गया है। उस समय सुरत-चिन्हों से अङ्कित, विपरीतरूप से वस्त्रादि धारण करने वाले, मदालस, कामयुद्ध से उत्पन्न स्मय अर्थात् घूर्णायमान, रात्रि जागरण से कुछ रक्तिम नयन वाले, मन्दहास्य पूर्ण मुख-कमल वाले श्रीकृष्ण की द्युति अत्यन्त मधुर होती है इस लिये यहाँ मधुरद्युति शब्द कहा गया है। अथवा रतिसमय में ही जघनादि गति से चञ्चल शरीर श्रीकृष्ण की द्युति मधुर अर्थात् मनोहर होती है ॥५॥

इस के पश्चात् क्रम से अधरसुधा पान का स्मरण करती कहने लगीं— "सुधानिर्यासनिचय" इत्यादि पद से। अर्थात्—

पूर्वोक्त अनंग कल्पतरु के सुधारूप जो निर्य्यास उस के निचय

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

स्वरूप। किम्बा सुधा का ही निर्यास अर्थात् सार उसके निचय रूप ऐसा अर्थ है। जिस प्रकार कि—रसद्रव्य दुग्धादि के मंथन से उस का सारभूत मक्खनादि निकलता है ठीक उसी प्रकार ऐसा हार्द है। अधरामृत में उससे अधिक स्वाद विद्यमान है। इसी लिये ही मुरली का वेणु ऐसा नाम है। "वश्च इश्च वयौतावणू यस्मात्"। अर्थात् वे दोनों अणु हैं जिस से ऐसा वेणु पदार्थ है। इस का यह तत्व है—वेणु का अधर सम्बन्ध के कारण उसमें जो अमृत–कामरस को अणु करने का सामर्थ्य है वह अधर से ही प्राप्त है। यह "वर्हापीड नटवरवपुः" भागवत के इस श्लोक में निरूपित् किया गया है। निर्यासत्व निरूपण के द्वारा यह सूचित होता है कि यहाँ का सम्बन्ध यहाँ ही लगा हुआ है अन्यत्र नहीं। जैसा कि कहा है—मनुष्यों के इतर विषय में जो राग उस का विस्मरण कर देने वाला उन का अधरामृत है। इस प्रकार मुख्य विषय कह कर सामान्य रूप में अनुभावकत्व को कहती हैं— 'सुन्दर" इस पद से। वह सुन्दरता सर्वांश में है कोई विशेष का निर्देश नहीं है। अतः सर्वांग में उन सबके द्वारा शास्त्रोक्तचेष्टा की जाती है। इस लिये श्रीकृष्ण में समस्त आसक्ति का विषयत्व मौजूद है। तो भी पुरुष–सौन्दर्य्य स्त्रियों का उपयोगी है इसलिये विशेष करके स्त्रियों का ही आसक्ति विषयत्व उन में मौजूद है यह तात्पर्य्य है। इस प्रकार सौन्दर्य्य कीर्त्तन से श्रीकृष्ण प्रथम आसक्ति के विषय हैं अतः उन की स्मृति हुई। पहले सुन्दरता के कारण आसक्ति उत्पन्न होने लगी, थी, पश्चात् विरह से अत्यन्त आतुरता आ गयी, साक्षात् रूप से उन का दर्शन नहीं हुआ, चित्रपट में उन की आकृति का दर्शन करने पर वह बाधक ताप चला जावेगा इस प्रकार भावना करती हुई राधिका कहती हैं— "शीतलाकृतिः" इस पद से। किम्बा अत्यन्त दुःख से कुछ क्रुद्धा हो कर ऐसा पद कहने लगीं—

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

उन की आकृति ही शीतल है परन्तु स्वयं नहीं हैं । पहिले तो शीतल आकार देख कर भीतर भी ऐसा शीतल होगा ऐसा जान कर स्त्रियाँ उन में प्रवृत्त हुईं, परन्तु पश्चात् वह मारण रूप बन जाते हैं यह सब बात पूतनादि स्त्रियों में बीती है । इस लिये "आप केवल अबलाओं को ग्रसित करने के लिये वन वन में भ्रमण करते हैं" ऐसा गोपियों ने गान में कहा है। किम्वा "शीतलाकृति" का अर्थ-साधारण लोकप्रतीति से वे कामादि रस के अनभिज्ञ ऐसे जाने जाते हैं परन्तु एकान्त में आकर परम चतुर बन जाते हैं । इस में श्रीकृष्ण की प्रवृत्ति निःशंक है ऐसा दिखलाया गया है । अब आकृति के इष्ट – दातृत्व निरूपण करके वयस भी इष्ट प्रदायक है उसे कहती हैं—

"नव-यौवन-सम्भिन्न-श्यामामृतरसार्णवः" इस पद से । नवीन यौवन से संभिन्न अर्थात् संवलित ऐसा अर्थ है । इससे वयःसन्धि कही गई है। नवीन यौवनता के कारण कूर्चादि अङ्कुरित नहीं है अर्थात् रेख नहीं आया है, अत एव रति समय अतिशय सुखानुभव भाव को उत्पन्न करने वाले हैं। जैसा कि कहा गया है— वे अनङ्कुरित कूर्च वाले हैं.....

उस से संवलित भावादिकों से भी अतिमोहन ऐसा भाव है। वर्त्तमान में श्रीकृष्ण के केवल समुदित स्वरूप मात्र में श्रीराधा निविष्टचित्ता है, तो भी श्रीकृष्ण के वर्णन मात्र का भी रस रूपत्व है अतः वह कहती हैं—"श्यामामृतरसार्णवः" इस पद से—

जिस प्रकार दुग्धादि के धवलत्व है उस प्रकार श्याम रूप जो अमृत का रस अर्थात् मन्थन के द्वारा निर्गत, उस के सार रूप एसा अर्थ है। उस श्यामामृत रस के सागर यह भावार्थ । श्यामरूप इस वचन से प्रसिद्ध दुग्ध सुधा-रस से अलौकिकत्व सूचित होता है । उस से उस श्याम-रूप अमृत-रसार्णव में स्थित नयन-कुण्डल-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

वदन-दन्त-कर-चरणादिक अलौकिक मान-मकर-मणि-कमलादि रूप हैं। उस रस की सीमा नहीं है। इस रस में मग्न व्यक्ति का पुनरुत्थान नहीं ऐसा ध्वनित हो रहा है। किम्वा "श्यामाः" अर्थात् षोडश वर्षीय गोपियाँ उन के सम्बन्धी अमृतरस अर्थात् अधरामृत रस वह सागर रूप जिस में ऐसा अर्थ है। इस से अतिसरस असंख्य गोपियों के भोक्ता यह कहा गया है ॥६॥

इस प्रकार वर्ण का निरूपण करके श्रीकृष्ण में निज प्रतिविम्ब पड़ने के कारण उससे जो चाकचक्य उठा है उसका स्मरण कर कहने लगीं—"इन्द्रनीलमणिस्वच्छो" इस पद से। इन्द्रनीलमणि की भाँति निर्मल ऐसा अर्थ है। इससे जिस प्रकार मणि बाहिर-भीतर एकरूप उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी एक रस यह सूचित होता है। गोपीजन से वेष्टित श्रीकृष्ण सुवर्ण से जड़ित महामणि शोभा को धारण करते हैं। मणि जिस प्रसार निकटस्थित वस्तु से प्रतिविम्बित प्राप्त होकर सादृश्यत्व को धारण करता है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण गोपियों से वेष्टित हो कर अन्तर में गोपी-स्वरूपात्म को धारण कर लेते हैं। श्रीकृष्ण ने कहा है—जो मेरे लिये लोक-धर्म्मों का त्याग करते हैं मैं उन को हृदय में धारण कर लेता हूँ" "मुझ में वे उन में मैं" इत्यादि। यहाँ मणि-दृष्टान्त से यह सूचित होता है कि—जिस प्रकार मणि श्यामत्व तथा सुन्दरता के कारण अन्यलोगों की प्रीति के विषय नहीं है केवल उस के गुणों को जानने वाले परीक्षक जन के लिये है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी सुन्दरतादि के कारण सर्व लोगों के प्रीति विषय नहीं होते हैं परन्तु उनमें स्थित रसिकशिरोमणित्वादि गुणों को जानने वाली गोपियों के प्रीतिविषय होते हैं। इस प्रकार रूप-निर्मलता का निरूपण करके क्रम से चिक्कणता को कहती हैं—"दलिताञ्जनचिक्कणः" इस पद से। यहाँ दलित

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

का अर्थ घर्षित है। स्नेह-द्रव्य से घर्षित हो कर कज्जल की उत्पत्ति होती है ठीक उसी प्रकार हम सब के स्नेह से श्रीकृष्ण का प्राकट्य है। यद्यपि पुनः पुनः स्नेहादि द्रव्यों से घर्षित कज्जल ही अञ्जन बन जाता है किन्तु पूर्व पद की अपेक्षा नहीं है तो भी उस से अतिचिक्कण ऐसा जताने के लिये दलित शब्द का प्रयोग किया गया है। किम्बा केवल कज्जलवाचक यहाँ अञ्जन पद है। अञ्जन दृष्टान्त से जैसा कि स्त्रियों के नयन-भूषण के लिये उस का जन्म है उसी प्रकार गोपीजनवल्लभ श्रीकृष्ण का प्राकट्य यहाँ गोपियों के लिये है। यह नयनों में ही ठहरा हुआ है। उससे रहित गोपी दुर्भागा है ऐसा सूचित हो रहा है। किम्बा अञ्जन पद गोपियों के नयन स्थित अञ्जन वाचक है। वहाँ यह अर्थ है—दलित अर्थात् नयन की उपरितन तथा अधस्तन रेखा से द्विधाकृत अर्थात् दो रूप धारण करने वाला और चिक्कणता जिस का ऐसा अञ्जन है। इस प्रकार श्रीकृष्ण के मिलन से होता है। नहीं तो विरह ताप से सहज चिक्कण होने पर भी शुष्क हो जाता है। यहाँ समान अर्थ जानना। जिस प्रकार सहज चिक्कण होने पर भी श्रीकृष्ण के द्वारा इस प्रकार होता है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी उस स्निग्धता-गुण में स्थित है, उस से रहित नहीं है। किम्बा नयनस्थ होने पर भी श्रीकृष्ण के अधर के द्वारा दलित है अर्थात् दो प्रकार बन गया है। तात्पर्य्य—श्रीकृष्ण के अधर-स्पर्श से नेत्र अन्य प्रकार धारण कर लिया है। उससे वह चिक्कण हो गया है ऐसा अर्थ है। गोपियों के नेत्रस्थ कज्जल ने श्रीकृष्ण के अधर में भी लगकर अधर को स्नेहमय बना लिया। अतः प्रातः दूसरी रमणी के घर पर से आने पर भी श्रीकृष्ण के अधर में स्नेहभाव नहीं है किन्तु स्निग्धत्व ऐसा ध्वनित हो रहा है। किम्बा कभी प्रिय को स्नान कराती हुई उनके अंग में स्निग्धता के कारण जलबिन्दु नहीं

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ठहरता है ऐसा देखा करती थी, अब उस का स्मरण आने पर इस प्रकार कहने लगीं। अतः आगे सर्वांग पोंछने के समय सर्वांग को स्पर्श सुख मिला उस का स्मरण कर कहने लगीं-"इन्दीवरसुख-स्पर्शः" इस पद से। इन्दीवर से भी सुख रूप स्पर्श है जिन का ऐसा अर्थ। उस से परम सौगन्ध्य, रात्रि में सुखद, एवं अलौकिकत्व का ध्वनित हो रहा है।

किम्वा जिन से इन्दीवर का ही सुख स्पर्श है। अर्थात् विरह में गोपियों के लिये नीलकमल कठोर एवं उष्णत्व रूप धारण कर लेता है। श्रीकृष्ण के मिलने पर वह परम सुकुमार तथा शीतलत्व रूप से भान (प्रतीत) होने लगता है। अथवा इन्दीवर पद से गोपियों के नयन लक्षित होते हैं। वहाँ ऐसा अर्थ हो सकता है कि— उनके अर्थात् नयन रूप नीलकमलों के सुख रूप स्पर्श सम्बन्ध जिन का ऐसे वे श्रीकृष्ण हैं। यह उस समय अङ्ग प्रोंछन के अनन्तर सब के सर्वांग दर्शन से सुखातिशय होता है इस का स्मरण कर कहा गया है। तदनन्तर श्रीकृष्ण के कटिप्रदेश में पीताम्बर पहराय कर केशसंस्कार का स्मरण करती हुई कहने लगीं-"नीरदस्निग्धसुन्दरः" इस पद से—

नीरद पद से यहाँ वर्षणकारी मेघ कहा गया है। जिस प्रकार वह भीतर में स्नेहयुक्त तथा तप्तजनों को नीर प्रदान करता है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी विरहतापितों के लिये जीवन रूप अमृत-दृष्टि का वर्षण करते हैं। अतः मेघ की भाँति अतिशय स्निग्ध एवं सुन्दर और बाहर विद्युत् की भाँति पीताम्बर से शोभित हैं। इस से जिस प्रकार वृष्टि के पहले मेघदर्शन से ही तापनिवृत्ति होती है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण की कृपादृष्टि के पहले से ही तापनिवृत्ति है। उन के आगमन से समस्त तापों की निवृत्ति होती है यह सूचित हो रहा है। किम्वा-नीरद में स्निग्ध अर्थात् मेघ में स्नेहवन्त जो मयूरादिक हैं उन

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

के द्वारा सुन्दर अर्थात् उनके पिञ्छधारण, नृत्य-कूजनादि के अनुकरण से जब भगवान् उपस्थित होते हैं तो उस समय मयूरगण मेघबुद्धि से नृत्य एवं कूजन करते हुए उन्हें घेर कर ठहरते हैं उससे वे (श्रीकृष्ण) परमशोभा को धारण करते हैं । किम्बा-नीरद की भाँति स्निग्ध बोलने वाले, उस की भाँति सुन्दर शरीर वाले ऐसा अभिप्राय है ॥७॥

अनन्तर सब ने तिलक बना कर चिबुक से लेकर चरणतल पर्य्यन्त कर्पूर-अगरु-कस्तूरी-कुंकुम से लेपन किया, उस का स्मरण कर कहती हैं—

"कर्पूरागरुकस्तूरीकुंकुमाक्ताङ्गधूसरः" इस पद से—इन द्रव्यों से लिप्त हो कर श्रीअग धूसर वर्ण प्रतीत होने लगता है । पीले अगराग की कान्ति तथा इन्द्रनीलमणि शरीर की कान्तियाँ जिस समय मिलित होती हैं उस समय एक का ही रूप पृथक् रूप में आविर्भाव होता है किन्तु स्वय इस प्रकार प्रतीत नहीं होते हैं ।

यहाँ "अक्त" पद से अंगराग का स्निग्धत्व सूचित होता है । वे अति सुन्दर इस को जनाने के लिये ऐसा निरूपण किया गया है । किम्बा चतुःसमके द्वारा लिप्त जो एक भी अंग है वह पूर्वोक्त रीति से धूसर वर्ण धारण कर सर्वांग में प्रतिबिम्बित हो कर सर्वांश में प्रतीति विषय हो रहा है । इस लिये यहाँ अंग शब्द का प्रयोग है । वास्तविक चतुःसम के कहे जाने पर पृथक् पृथक् निरूपित है । किसी से कर्पूर, किसी से अगरु घर्षण, किसी से कस्तूरिका, किसी से कुंकुम लिये गये हैं । अतः जो आती है वह अपनी वस्तु को सर्वांग में, कोई कोई वा एक ही अंग में समर्पण करती हैं । इस लिये एक रूप नहीं है । इन्द्रनीलमणि इत्यादि करके पंच नाम ग्रहण के द्वारा क्रम से अर्थ-काम-मोक्ष-धर्म-भक्ति रूप पंच पुरुषार्थत्व श्रीकृष्ण के हैं यह कहा गया है । इस का ही इसमें मुख्यत्व अन्यों का नहीं

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

इस को जताने के लिये व्युत्क्रम से उनका निरूपण किया गया है। अनन्तर नख से ले कर मस्तक पर्य्यन्त शृङ्गार किये गये ऐसा स्मरण कर उस का निरूपण करती हैं—"सुकुञ्चितकचग्रस्तोल्लसच्चारुशिखण्डकः" इस पद से—

किम्वा पूर्व कथित स्वरूप के निरूपित होने पर-अत्यन्त प्रचुर ताप है उस का अपगम नहीं होने पाता है, अतः प्रत्यंग वर्णन करती है। यद्यपि पुरुष होने के कारण चरण से ले कर वर्णन करना उचित है तो भी तापहरणार्थ ही ऐसा निरूपण हो रहा है। पहले दिवस के विरहताप दूरीकरण के लिये सन्ध्या के समय जब श्रीकृष्ण आ रहे हैं तब दूर से पहले अत्युच्च मुकुट का दर्शन होता है पश्चात् मुखारविन्दादि का दर्शन है, वर्त्तमान भी उसी प्रकार से आकर ताप हरण करें इस अभिप्राय से मुकुट से आरम्भ कर तापहारक स्वरूप का वर्णन करती हैं—"सुकुञ्चित" इस पद से। सुष्ठु कुञ्चित जो केश उन से ग्रसित अर्थात् अत्यधिक शोभित मनोहर शिखण्ड अर्थात् मयूरपिंछ जिन के वह ऐसा अर्थ है। केशों के कुञ्चित रूप होने पर भी जिस केश के जहाँ रहने पर सुन्दरता है वहाँ ही उस की स्थिति है ऐसा "सु" इस उपसर्ग से सूचित होता है। यहाँ शिखण्ड के ग्रस्तत्व का तात्पर्य्य—केशों से वलित होकर मध्य में पिंछ का मूल देश छिप गया है, उसने शोचा कि केशों ने तो मूल प्रदेश ग्रास कर लिया, कहीं अग्रभाग को ग्रास नहीं कर लेवें इस भय से अग्रभाग ऊपर को उठने लगा। अर्थात् अत्यन्त शोभायमान होने लगा। शोभितत्व इस वचन से शोभा के साधन धन्यपुष्प-गुञ्जा-मणि-पल्लवादि सूचित होते हैं। अतएव चारु अर्थात् सबके मनोहर इस प्रकार शिखण्डक अर्थात् मयूरपुच्छ से बना हुआ मुकुट जिनका, इससे श्रेष्ठांग का वर्णन हैं। रूप प्रधानमय मयूरपुच्छ का सबसे ऊपर धारण करने का तात्पर्य्य—श्रीकृष्ण

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

में रूप की ही प्रधानता है। जिस से पुरुषार्थ प्राप्त होता है। अर्थात् पुरुषार्थ प्रदान में श्रीकृष्ण की रूप ही सर्वोपरि है परन्तु माहात्म्यज्ञानादि नहीं है। अतः रूप ग्राही नेत्रधारियों का यह ही परम फल है यह "अक्षण्वतां फलमिदं" इस भागवत के श्लोक में गोपियों ने कहा है। किम्बा सुकुञ्चित पद से केश का वर्णन है। कचग्रस्त पद से पुष्पों का, उल्लसित पद से चाकचक्य गुञ्जा-मणियों का वर्णन है। इन के द्वारा चारु अर्थात् मनोहर शिखण्ड जिन का ऐसा अर्थ है। उन द्रव्यों का मुकुट के अवयव के कारण शोभा उत्पन्न करना ही मुख्य है परन्तु स्वातन्त्र्य से मुख्यता नहीं है इस लिये पृथक् नाम निर्देश नहीं है। कुञ्चितादि धर्मों से ही उनका शोभाजनकत्व है। इनका यह क्रम है—पहले केश, उस के ऊपर उस प्रकार के पुष्पसमूह, उस के ऊपर गुञ्जा, गुञ्जा के ऊपर मुकुट की वह चन्द्रिका इस प्रकार से स्थिति जानना ॥८॥

इस प्रकार मुकुट का निरूपण करके अलकावली के किनारे में स्थित कर्णों के उपरिभाग भूषण का वर्णन करती हैं "मत्तालि-विभ्रमत्पारिजातपुष्पावतंसकः" इस पद से—मत्त भ्रमरों से परि-वेष्टित अर्थात् उनसे विलास प्राप्त जो पारिजात पुष्प वह कर्णा-भरण हैं जिनके वह। पारिजात पुष्प के रस से भ्रमर गण मत्त हो कर तथा उसे परित्याग करने में असमर्थ हो रहे हैं। वे सब उस के आमोद से उन्मत्त हो कर पतों में यत्र तत्र लिपट रहे हैं। पुष्प के आधार अवतंस भी तद् वत् महान् शोभायमान हो रहा है इस लिये "विभ्रमत्" शब्द का प्रयोग है। विलास करने पर भी अशोभित नहीं है ऐसा तात्पर्य्य है। किम्बा मत्त भ्रमर भ्रमण (घूम) कर रहैं जिसमें ऐसा अर्थ है। मत्तता के कारण वे सब शब्द कर रहे हैं तथा अपने को भूल भी रहे हैं। इस से यह ध्वनित हो रहा कि—"हे कृष्ण! आप केवल देवताओं के भोग्य, आप के कर्णा-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भूषण रूप, सर्वोत्कृष्ट पारिजात पुष्प के रस अपकृष्ट खग अर्थात् नीच भ्रमरों को पिबा रहे हो, मत्त उनका निवारण नहीं कर रहे हो, उन के दोष भी नहीं लेते हो परन्तु उनसे शोभा को धारण कर रहे हो । जब तुम ऐसे हो तो आप के रसास्वादन में उन्मत्त, वर्त्तमान में उस के अभाव से व्याकुल, आप के एक मात्र आश्रित हम सब को क्यों रसपान नहीं कराते हो" ।

श्रीकृष्ण के आगमन के समय पहले उदय प्राप्त आनन की शोभा नेत्रगोचर होती है अतः उसका वर्णन करती हैं "आननेन्दुजिता-नन्तपूर्णाशारदचन्द्रमाः" इस पद से । आनन ही चन्द्रमा उस से तिरस्कृत हो रहे अनन्त, पूर्ण, शरत्चन्द्रमा जिस से यह योजना है । इस का अर्थ—यदि असंख्य परिपूर्ण शरच्चन्द्रमा के सौन्दर्य्य एक एक ले कर, मिला कर, एक ही चन्द्रमा में रख दिया जावे, तब वह चन्द्र भी श्रीकृष्ण के मुख-सौन्दर्य्य की समान-कक्षा नहीं प्राप्त होता है । शरत् काल में गगन निर्मल हो जाता है उस में नक्षत्र समूह स्पष्ट दिखने लगते हैं उस से अधिक शोभा होती है अत-एव "शरत्" शब्द का कथन है । इन्दु शब्द से तापहारी, कुमुद-विकाशनकारी, रात्रिसुखकारी, मार्गप्रकाशक, रसोद्दीपन-कारक इत्यादि सूचित हो रहा है । दिवस में विरह ताप से उत्तप्त होने के कारण तथा नयनों का कुमुद रूप से कहे जाने के कारण, अंधकार रात्रि में रमणार्थ गमन करने वालो हमारे लिये यह चन्द्र हित-कारी है । इस से चारों ओर में स्थित केश कलाप में गुंथे हुए पुष्पें अनन्त नक्षत्र रूप हैं, ऐसा जानना । और भी पहले श्यामामृत रसा-र्णव रूप में विग्रह का निरूपण किया गया है, अब विग्रह के ऊपर-भाग में स्थित वदन को चन्द्रमा रूप से कहा गया, इस से उदय-शील चन्द्रमा का अत्याधिक शोभा है ऐसा सूचित हो रहा है । अतः गोपियों के कुंकुमादियों से व कुण्डल स्थित मणि-आदियों

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

को प्रभा से सर्वदा आनन रागमय हो रहा है। "श्यामासम्बन्धी" इस प्रकार व्याख्या से—गोपीजन के अमृतरस का सागर रूप कहे जाने क कारण श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र दर्शन से ही उस की वृद्धि होती है ऐसा सूचित होता है। अतः विभावक एवं ईषत् पाण्डु-वर्णत्व का सूचित है। जैसा कि कहा है—"वदरपाण्डुवदन" अर्थात् वेर को भाँति पीला वदन वाले"। जिस समय गोपियाँ श्रीकृष्ण के समक्ष बैठ कर उन के मस्तक किम्बा ललाटादि में मुकुटधारण, श्रमजल मार्जनादि दोनों हाथ से कराती हैं, बाँधने के समय मुख के चारो ओर दोनों हाथ एक हो जाता है अर्थात् मुख से हाथ मिल जाता है उस समय अत्यन्त परिवेष शोभा सूचित होती है। एवं स्थल-विशेष चुम्बन से कोक रूप दोनों स्तन का वियोजकत्व होता है ऐसा भी जानना। "जितत्व" ऐसे निरूपण से जिस प्रकार पराजित जन को सर्वस्व ग्रहण में अत्यन्त तुच्छत्व माना जाता है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण के आनन के आगे इस चन्द्र का तुच्छ रूप हो आता है, जानना। सूर्य्य के आगे जिस प्रकार प्रदीप तुच्छ रूप है। श्रीकृष्ण के मुख के अवलोकन के विना विरह ताप से अत्यन्त शुष्कता के कारण परस्पर वियोग प्राप्त कोक रूप कुच दोनों के उस प्रकार आनन-हृदय कमल दोनों का दर्शन मात्र से अत्यधिक प्रमोद के साथ विकाश एवं अभिसार में अनुकूलत्व ये सब ध्वनित हो रहे हैं। अतः "जित्वा" अर्थात् लाञ्छित करके "व्यसृजत्" छोड़ देता है यह ध्वनित होता है। अथवा आनन्द चन्द्रमा से जिता अर्थात् वशीकृता जो गोपियाँ हैं उन में विरहताप निराकरण के द्वारा अनन्त पूर्ण शारद चन्द्रमा स्वरूप हैं। जैसा कि सूर्य्य से उत्पन्न ताप को एक ही चन्द्रमा दूर करता है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण अपने विरह से उत्तप्त जनों के ताप दूर करने के लिये दर्शन-आश्लेषादि के द्वारा असंख्य चन्द्र की

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भाँति शीतल हैं ऐसा भाव है ॥६॥

इस प्रकार उदय प्राप्त मुख का वर्णन कर साढे पांच श्लोक से प्रत्येक अवयव का वर्णन करती हैं–"श्रीमत् ललाट" इत्यादि पदों से। शोभावान ललाट में पाटीर अर्थात् हरिचन्दन का जो तिलक उस से एव अलकावली से रञ्जित ऐसा अर्थ है। ललाट की शोभा तिलकादि के द्वारा नहीं है परन्तु वह ही अतिसुन्दर ऐसा जताने के लिये "श्रीमत्" पद दिया गया है। भ्रू मध्य से लेकर केश पर्य्यन्त तिलक होता है। वह केवल पाटीर शब्द प्रयोग से श्वेतवर्ण किम्बा पीतवर्ण है। प्राधान्यता के कारण केवल शब्द का प्रयोग है। समानाधिकरण के द्वारा अलक–तिलक का निरूपण से–जिस प्रकार अलक कर्ण पर्य्यन्त स्थित है ठीक उसी प्रकार भ्रू के मध्य केश पर्य्यन्त समान रेखा रूप से तिलक बना कर फिर तिरछा विचित्र रेखाओं से कर्ण पर्य्यन्त चित्रित किया गया है। मुखकमल के चारों ओर पंक्ति आकार में स्थित कुञ्चित केश अलका है। इन दोनों से रञ्जित, जिस प्रकार कि मञ्जिष्ठा से वस्त्र रञ्जित होता है ठीक उसी प्रकार तिलक–अलकों से मुख कमल रञ्जित है। प्रोंच्छन–मार्जनादि से भी दोनों का अन्य प्रकार नहीं है ऐसा भाव है।

अथवा–उस प्रकार के दोनों से रञ्जित अर्थात् सबके रागविषयीभूत यह भाव है। किम्बा-उस प्रकार के तिलक से संयुक्त एव वह अलका से रञ्जित ऐसा कर्मधारय समास है। यहाँ राग विषयी–भूत यह अर्थ है। राग का जीव–धर्मत्व के कारण उस की भाँति अलकों का मधुपत्व ध्वनित होता है। इस से श्रीकृष्ण के मुख कमल रूप है ऐसा अर्थ प्रकट होता है, तिलक तथा रेखाओं के पीतत्व के कारण केशर–पराग है। राग–विषयत्व निरूपण से सरस ध्वनित होता है, सरस वस्तु में ही आसक्ति होती है, असरस में नहीं। निरन्तर स्थिर रूप में रहने के कारण उनके सर्वदा सरसत्व ज्ञात होता है।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अतः प्रसिद्ध कमल से विलक्षणता है। जिस प्रकार सरसि के एक भाग में अर्थात् सरोवर के किस एक भाग में कमल ठहरता है एवं सर्वदा प्रादुर्भाव रहता है ठीक उसी प्रकार प्रीति-रस से सरस हृदय में ही इन का प्राकट्य तथा स्थिति है, अन्यत्र नहीं है। निरन्तर कोकरूप गोपियों के कुच के साथी, सुगन्धमय और कोमलता रूप सूचित होता है।

अब क्रम प्राप्त भ्रू का वर्णन करती हैं—"लीलोन्नतभ्रूविलासः" इस पद से। लीला में अर्थात वेणुवादन लीला से उन्नत जो भ्रू उस में मन्द्र-मध्य-तार स्वरों का अनुकरण रूप विलास है जिन का वह। अथवा उस समय सकेत स्थानादि को सूचित करने वाला विलास है जिनका वह। किम्बा मिथ्या कोप ही लीला है, उस से उन्नत जो भ्रू उस में विलास है जिनका वह। यहाँ अन्तःकोप का अभाव के कारण किञ्चित् हास्यमय तथा बाहर कोप का अभिनय से किञ्चित् वक्र रूप भ्रू है। केवल कोप से वह वक्रता को धारण नहीं करती है ऐसा भाव है। किम्बा लीला में अर्थात् क्रीडा में अतिशय मदनमद से उन्नत जो भ्रू उस में बन्धादि सूचन रूप विलास है जिन का वह। किम्बा "लीलासु" गोपों के साथ कियमाण क्रीडाओं के मध्य उन्नत अर्थात् उत्कृष्ट भ्रूविलास अर्थात् संकेतस्थलादि सूचन जिनका वह। तात्पर्य्य-अत्यन्त आर्त्ति के कारण जो रह नहीं सकी तथा गोपों से वेष्टित प्राणवल्लभ को देखने के लिये समीप में आई हुई राधिका में भ्रू के द्वारा ही संकेतस्थान की सूचना दे कर समस्त समाधान करने वाले जो श्रीकृष्ण वह। उसका स्मरण कर ऐसा कहा गया है। "अभी वे ऐसा करें, अपने हृदय में यह ही कल्याण है" अतः सबसे उत्कृष्टत्व निरूपण किया गया है।

अब क्रम प्राप्त नेत्रों का वर्णन करती हैं—"मदालसविलोचनः"

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

इस पद से। असंख्य गोपी-मुखकमलमधुपान से जात जो मद उस से युक्त किम्बा मद से अलस प्राप्त दोनों नेत्र जिन के वह। यहाँ अलस पद से यह ज्ञान हो रहा है कि नेत्र-द्वय निरन्तर गोपिमुख-कमल मधुपान काय में रत हैं, उससे अन्य कार्य्य करने में असमर्थ हैं। इस से श्रीकृष्ण के नयनों का गोपीपरक तथा गोपियों का अति सरस रूप सूचित होता है। जब दूर में रह कर पान करने के कारण दोनों नेत्र में मद उत्पन्न हो रहा है तब साक्षात् में आकर अधरादि की सुधापान में मत्तता होती है, इसे हम कहाँ तक कह सकती हैं यह निगूढ़ आशय है। अतः श्रीजयदेवजी के गीतगोविन्द में "तुम्हारे अंग सग प्राप्त पवन के द्वारा चलायमान रेणु को भी बड़ा आदर करते हैं"। "आप ही हमारे जीवन हैं" इस प्रकार के नाना वचन मौजूद हैं। वास्तविक "यह कवि की चतुराई है" ऐसा नहीं है। उस बस्तु की ऐसी ही महिमा है। और भी देखिये-कृत-पुण्य वाले श्रीकृष्ण से अनुग्रहीत महान् सज्जनों का इस विषय में विश्वास है! वहिर्मुखजन इसमें अविश्वास करें इसमे हमारी कोई हानि नहीं है। यह केवल खेद ही जानना। अथवा मद अर्थात् गोपियों का मान, उस में अलस विलोचन जिन के वह। यहाँ पूर्व की भाँति मान पर वस्तु हैं। श्रीकृष्ण की दृष्टि-पात मात्र से सब विगतमाना हो जाती है, अर्थात् उन के कटाक्ष-पात से मान चला जाता है। किम्बा मद शब्द का अर्थ गर्व है, उस से अलस दोनों नेत्र जिन के वह। यहाँ मध्यपद लोपी समास है। यहाँ गर्व लोचन निष्ठ है। वह कमल-खञ्जन-मदन जय से सिद्ध है। किम्बा मदालसा जो गोपियाँ हैं वे नेत्रों में किम्बा नेत्र - वाली जिन की वह। जिस समय स्वयं समय का अतिक्रमण कर के अर्थात् मिथ्यावादी बन कर श्रीकृष्ण संकेतस्थल में जाकर दूती को भेजते हैं परन्तु विरह-स्फुर्त्ति के कारण गोपियाँ नहीं मानती हैं, उन के सामने श्रीकृष्ण स्फुर्त्तिमान

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

हैं ठीक उसी प्रकार गोपियाँ भी श्रीकृष्ण के समक्ष स्फुर्त्ति प्राप्त होती हैं। किसी ने कहा है—

"वह तो पर्य्यंक में समस्त दिशाओं में" इस पद्य में-समस्त जगत् में वह, वह, वह, वह हैं यह अद्वैतबाद कहाँ से आगया है। अर्थात् सर्वत्र उस की स्फुर्त्ति हो रही है इस प्रकार। अतः इससे-उस समय उस प्रकार के आप वर्त्तमान हमारे विरह को तथा हम सब आपके विरह जात सन्ताप को किस प्रकार सहते हैं ? ऐसा हार्द सूचित होता है ॥१०॥

यहाँ क्रम प्राप्त नयनों के स्मरण से उनके सौन्दर्य्यातिशय को प्रातः देख कर उस समय की शोभा का वर्णन करती हैं। पहले तो आलस्यता के कारण नयनों का मुकुलितत्व पश्चात् ईषत् दृष्टि फैलने से अन्य प्रकार शोभा धारण कर लिया। पहले मुकुलितत्व का वर्णन कर पश्चात् दृष्टि का वर्णन करती हैं—"आकर्णारक्तसौन्दर्य्यलहरी-दृष्टिमन्थरः" इस पद से। यहाँ "आकर्णारक्त" यह शब्द कर्मधारय समास युक्त नयनवाचक है। कर्णपर्य्यन्त प्रसारित ईषत् रक्त जो लोचन है उन की सौन्दर्य्यलहरी रूपा जो दृष्टि है वह मन्थरा अर्थात् अल्पगति वाली जिन की ऐसा अर्थ है। यहाँ सौन्दर्य्य की हृदय में स्थिति होने के कारण उक्त दोनों धर्म का प्राधान्य है किन्तु नयनों का ग्रहण नहीं है। दृष्टि का लहरा-रूप में निरूपण के कारण सौन्दर्य्य का समुद्ररूप ध्वनित होता है। अतएव सौन्दर्य्य का सीमा-रहित तथा दृष्टि की सरसता ज्ञात है। जहाँ दृष्टि पड़ती है उस देश को शीतल तथा यथा रूप से सरस बना लेती है यहाँ पुंलिङ्ग वाची तरङ्ग शब्द छोड़ कर स्त्रीलिंग लहरी शब्द प्रयोग से अन्तरङ्ग कार्य्य का सूचित है। अपने सजाति के कारण स्त्रियों में इस दृष्टि का जिस प्रकार पात होता है अन्यत्र इस प्रकार नहीं है। इससे गोपियों का आनयन में दृष्टि का दूतीरूपत्व ऐसा जानना। अत एव गोपियाँ

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

श्रीकृष्ण के दृष्टि पात मात्र से उन की वशवर्त्ती हो कर व्रजनाथ उन का भजन करती हैं। यहाँ अन्य दूती के प्रेरण की अपेक्षा नहीं है यह सिद्धान्त है। अतः श्रीकृष्ण के अंग का एक देश सौन्दर्य्य के एक भाग से ही मोहित गोपियाँ समस्त त्याग कर केवल भजन करती हैं यदि ऐसा है तब सर्वांगसौन्दर्य्य देख कर भजेंगी तो इस में आश्चर्य्य क्या है ? सौन्दर्य्य-की लहरी रूप में निरूपण से जिस प्रकार दुग्ध-समुद्र की लहरियाँ दुग्धरूपा हैं उसी प्रकार दृष्टि ही सौन्दर्य्यरूपा है ऐसा सूचित है। पूर्वभाव-योग्य मन्थर पद के अन्त में दिये जाने का कारण-रात्रिजागरणादि के द्वारा निस्तब्ध होकर श्री-कृष्ण तूष्णीरूप में उस समय विराजते हैं। दोनों नेत्र उस प्रकार गति से अनेक कार्य्य करते हैं, यह सूचित होता है। लहरी पद से प्रान्त-दृष्टि सूचित होती है। समुद्र के प्रान्तभाग में लहरियाँ उठती हैं। किम्बा-पूर्वोक्त लहरी रूपा गोपियों की जो दृष्टि वह मन्थरा है जिस से वह। यहाँ नयन-वर्णन का प्रकरण है।

जिस समय श्रीकृष्ण के नयनों का दर्शन कर अतिशय सौन्दर्य्यवश गोपियों की दृष्टि स्थगित हो जाती है उस का स्मरण करके कहती हैं ऐसा जानना। गोपियों के नयन भगवन्नयनभावापन्न हैं इस की सूचना के लिये श्रीकृष्ण के नयन वर्णन प्रकरण में उन के नयनों का वर्णन है। स्वभाव से चञ्चल, रोकने पर भी स्थिरता रहित वे दृष्टियाँ जहाँ मन्थर हो जाती हैं तो औरों के विषय में कहना क्या है। लहरी पद से श्रीकृष्ण में अलौकिकधर्म का सूचित हो रहा है। भगवद्दृष्टि वर्णन पक्ष में भी उस-प्रकार की दृष्टि मन्थरा है जिसको, यहाँ उन के जिस प्रकार श्रीकृष्ण हैं श्रीकृष्ण के लिए भी गोपियों के मन्थर होने का कारण है। अतएव गोपियों में भी अलौकिक धर्म मौजूद है यह सूचित होता है। अथवा-"आकर्णा अर्थात् श्रीकृष्ण के कर्णपर्य्यन्त विराजमाना जो गोपियाँ हैं उन में रक्ता वह तथा

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

उस प्रकार की दृष्टि भी" यह कर्मधारय समास है । गोपियों का कर्णपर्य्यन्त वर्त्तमानत्व विपरीत भाव से है । उस समय सौन्दर्य्य-लहरी रूपा तथा रतिवेग के वश से अति चंचला जो दृष्टि है वह भावाधिगम के समय मन्थरा है जिस की ऐसा अर्थ है। अब भोगावसान सामयिक नयनों का वर्णन करके उस के पश्चात् उत्तर कालीन नेत्रों का वर्णन करती हैं—"घूर्णायिमाननयनः" इस पद से—

अतिशय गोपी-सहस्र सम्भोग-रसासव के पान से ही घूर्णायमान रूप है। पक्ष्मों के बीच इधर उधर आलस्य युक्त गति विशेष विशिष्ट है।

किम्बा घूर्णा अर्थात् घूर्णायमाना जो मानवती गोपियाँ है वे सब गतिमती हैं जिस से वह । मान समय में भी जब कि श्रीकृष्ण के नयनों को देखती हैं, उस समय वे नहीं स्थिर हो सकती हैं अर्थात् मान से चलायमाना हो जाती हैं । श्रीकृष्ण के मिलनार्थ गतिमती हो जाती हैं यह अर्थ भी है। क्षणकाल के पश्चात् श्रीकृष्ण किञ्चित् दृष्टि का प्रसारण करते हैं इस प्रकार मान कर कहती हैं—"साचीक्षणविचक्षणः" इस पद से—

साचीक्षण अर्थात् ईषत् वक्रेक्षण उस से किया जाता है अत्यन्त विलक्षणत्व अर्थात् अशक्य निर्वचनीय उस समय का सौन्दर्य्यत्व ऐसा भाव । किम्बा उस प्रकार से किये जाते हैं विगत लक्षणानि अर्थात् चेष्टादि चिन्हानि जिस से वह । इस प्रकार के नयनदर्शन अनन्तर ही सब चित्रिता होती हैं। किम्बा "साचिः" अर्थात् अल्प ईक्षण जिस समय में वह प्रातःकाल है। उस समय कज्जल-कुंकुम रेखादिओं से विशिष्ट लक्षण प्राप्त अंगसमूह जिन का वह । उस समय विलक्षण अर्थात् अशक्य अनिर्वचनीय सौन्दर्य्य प्रकाशमान है । किम्बा-साचीक्षण पद से पूर्वन्याय से अन्धकार रात्रि कही जाती है। उस रात्रि में "वेः" अर्थात् मयूरादि लक्षण पक्षी उनके

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

समान कूजन हैं जिन का। यह ऐसा है कि—जिस समय दिवस में संकेत कर के रात्रि में उस प्रकार निबिड़ निकुञ्ज में विराजमान हो कर श्रीकृष्ण गोपियों की प्रतीक्षा करते हैं तथा गोपियाँ नील नीचोल पहर कर सज्जित हो घर से आ कर अन्धकार रात्रि में गहनवन के कारण संकेत स्थल को जानने में अशक्त होती हैं उस समय श्रीकृष्ण "अन्य कोई नहीं जानें केवल गोपियाँ जान लेवें" इस लिये किये हुए संकेत स्थान को जताने के लिये मयूरादि के शब्द का अनुकरण करते हैं। जब उस समय वे उस प्रकार चेष्टा के द्वारा हम सबके इष्टकारक होते हैं तो वर्त्तमान में क्यों नहीं ऐसा होता है यह भाव है। मार्गप्रापण नयन-कार्य्य से होता है अतः कूजनादि नयनप्रकरण में ही कहा गया है। किम्बा-मान से ईषत् वक्र ईक्षण बाली जो गोपियाँ है उन में विलक्षण अर्थात् अतिचतुर मानादि दूरीकरण विषय में जो वह ऐसा अर्थ है॥११॥

तत्कालीन अपनी अवस्था का स्मरण कर कहती हैं—"अपांगेङ्गितसौभाग्यतरलीकृतचेतनः" इस पद से—अपांग अर्थात् स्वभाव से ईषत् वक्र नयनाञ्चल से जो ईक्षण, उस प्रकार जो इंगित अर्थात् चेष्टा उस से जो सौभाग्य अर्थात् सौन्दर्य्य उस से तरलीकृता अर्थात् चचलीकृता सब की चेतना जिन्हों ने वह। इस प्रकार के सौन्दर्य्य-दर्शन के अनन्तर अत्यन्त आर्त्ति प्राप्ति के कारण मूर्च्छा आ गई, फिर बहुत समय के पश्चात् मूर्च्छा का अपगम हुआ, उस समय उन का समागम हुआ, अतः चेतना चंचल होने लगी ऐसा अर्थ है। किम्बा-अपांगों के जो इंगित अर्थात् सुरत में इच्छा रखने वाला भाव विशेष के ज्ञापक अलस संबलित वस्तु है वह। उसने हम सब के जो सौभाग्य है उस को तरलीकृता अर्थात् पूर्वस्थित पातिव्रत्य-कुलधर्मादि शून्य कर प्राण को तरलित कर दिया है। इस से श्रीकृष्ण की प्राप्ति से ही उन के जीवन की स्थिति है, अन्य

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्रकार से नहीं है ऐसा कहा गया है। अतः एव रास के समय अन्त-र्गृह में रुक जाने वाली गोपियों की वही दशा हो गई थी। गोपियों ने अपने को कहा भी था कि हम सब के प्राण आप ही हैं।

अथवा—तरला अर्थात् तरंग-समूहा तद्विशिष्ट जो समुद्र ऐसा अर्थ है। अर्थात् अपांगेङ्गित रूप जो सौन्दर्य्य समुद्र है उस से की हुई चेतना अर्थात् चेतना प्राप्त हुई है जिस से वह। तात्पर्य्य-श्रीकृष्ण के विरह से गोपियों का चैतन्य दूर हो गया था, जब कि श्रीकृष्ण पुनः आ कर उस प्रकार अपांग से देखने लगे तो उस समय सब को चेतना हुई। यहाँ "कृत" पद से चेतना का नूतनत्व ध्वनित होता है। अथवा-अपांगेङ्गित तथा सौभाग्य यह द्वन्द्व समास है। उन दोनों से तरलीकृता चेतना अर्थात् बुद्धि जिन्होंने वह। जब कि प्रातः काल श्रीकृष्ण दूसरी के घर से आये, तब उस ने "मैं कुछ नहीं कहूँगी" इस प्रकार अपनी बुद्धि में निश्चय कर लिया था। परन्तु श्रीकृष्ण के अपांग तथा सौन्दर्य्य के द्वारा बुद्धि की स्थिरता नहीं रही।

अथवा—अपगत हो गया अंग जिस का यह अपांग अर्थात् अनंग है। तत्सम्बन्धी जो इंगित अर्थात् क्रीड़ा-रूप चेष्टा है उस से जनित (उत्पन्न) व तद्रूप प्राप्त जो हम सब के सौभाग्य है उस के रहने पर भी तरलीकृता चेतना अर्थात् सावधानता जिनसे वह। महान् सुरतक्रीड़ाओं से अत्यन्त श्रान्त, रात्रिजागरण से उत्पन्न निद्रा से स्खलित गतिवाली गोपियों की सावधानता नहीं थी। इस प्रकार बहु वार नयन सौन्दर्य्य का निरूपण कर के फिर जिस समय समस्त गोपियों के समाज में बैठ कर भुजा प्रसारादि के साथ हास्य करते हुए लीला से विशेष हास्य रस प्रकाश के लिये किम्बा—गोपियों को सन्तोषित कराने के लिये श्रीकृष्ण ईषत् नेत्रों को मूँद कर फिर गोपियों को देखने लगे है उस समय जो महान् सौन्दर्य्य

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विशेष का अनुभव हुआ है उस का स्मरण कर कहती हैं—"ईषन्मुद्रितलोलाक्षः" इस पद से । अल्प मुद्रित तथा चञ्चल नेत्र जिन के वह । किम्वा ईषत् मुद्रित तथा सुरतान्त में चंचल नेत्र हैं जिनके वह । "श्लिष्यति कामपि" इस प्रकार गीतगोविन्द उक्त गान के प्रकार से नितम्बिनी समूह में रमण करने के समय उस प्रकार भाव कहा गया है । अतः ईषत् मुद्रिताक्ष तथा लोलाक्ष ये दो नाम अक्षः पद से पर्य्यवसित है । अथवा–लोला अर्थात् लक्ष्मी, तात्पर्य्य शोभा है । अग्रिम पद भावप्रधान है । अर्थ–ईषत् मुद्रितत्व के द्वारा हुई जो शोभा तद्युक्त नेत्र दोनों जिन के वह । दीर्घनयनों के ईषत् मुद्रण में अधिक शोभा अनुभव सिद्ध है । अथवा–पहले गोपियाँ नहीं आई थीं , पुनः वे जब आने लगीं उस समय रहस्यस्थान में मिथ्याशयन कर के ऊपर में सूक्ष्मवस्त्र ओढ़ कर भीतर में नेत्रों को ईषत् खोल कर कि "वे नहीं जानेंगी तथा क्या करेंगी अथवा क्या कहेंगी" उसे जानने के लिये उस प्रकार लोलाक्ष होते हैं और इतस्ततः देखने लगते हैं उस समय श्रीकृष्ण को सोते हुए देख कर गोपियाँ आपस में निज निज रहस्य कथा तथा परस्पर चुम्बन–आलिंगनादि करने लगीं । उस समय श्रीकृष्ण अकस्मात् उठ कर सो गये इस ज्ञान से अपने को चुम्बन करने वाली किसी गोपी को पकड़ कर चुम्बन करने लगे तथा उन से परस्पर में जो कहे गये उनका अनुवाद करने लगे । उस समय सब के अन्योऽन्य ईक्षण पूर्वक, लज्जा-हास्य युक्त महान् रस उत्पन्न होता है उस का स्मरण करके ऐसा कहने लगीं । किम्बा–जिस समय अंचल से कुछ आच्छन्न, कुछ प्रकट राधा के हृदय प्रदेश को श्रीकृष्ण वार वार देखते थे उस का स्मरण कर ऐसा कहने लगीं । ईषत् आच्छन्न गोपीहृदय–मण्डल में लोलाक्ष यह अर्थ है । अब क्रम प्राप्त नासिका का वर्णन करती हैं—"सुनासापुटसुन्दरः" इस पद से—शोभन जो नासापुट हैं उन के

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

द्वारा सुन्दर अर्थात् अतिमोहन ऐसा अर्थ है। दोनों शोभनत्व कनक-गुम्फित मुक्ताफलवान हैं। दोनों में समानता उन्नतता तथा है। अर्थात दोनों समान, कुछ उन्नत भी हैं। यहाँ पुट शब्द से दोनों पत्तों से बने हुए तथा रसद्रव्य को रखने के लिये किम्बा पान करने के लिये साधनीभूत वस्तु हैं। यहाँ विचार करने से ऐसा ध्वनित होता कि—दोनों पास के अवयव पर्ण अर्थात् पत्र रूप है तथा पत्र की भाँति पतले भी है और नासिका सौन्दर्य्यामृत का स्थान रूप है। अतः उनके द्वारा किया हुआ सौन्दर्य्य का निरूपण आगे किया जाता है ॥१२॥

इस प्रकार सौन्दर्य्य का निरूपण होने के पश्चात् कभी पहले नासा के मुक्ताफल तथा कुण्डलों की प्रभा से अतिशय सौन्दर्य्य का दर्शन कर सहज सुन्दर गण्डमण्डल में चुम्बन करती हैं उस का स्मरण कर अधर से पहले गण्डमण्डल का निरूपण करती हैं। इस के कुंडल तथा उस की प्रभा से व्याप्त के कारण तथा उन दोनों के कर्ण में स्थित के कारण एक का स्मरण में सम्बन्ध के कारण तीनों का स्मरण कर कहती हैं—"गण्डप्रान्तोल्लसत्कर्ण-मकराकृतिकुण्डलः" इस पद से। गण्डों के जो प्रान्त देश उन में उल्लसत् देदीप्यमान कर्णसम्बन्धि मकराकार कुंडल जिन के वह। किम्बा उल्लसत्पद कर्ण का विशेषण है। इस से कर्णों की कुण्डलों के द्वारा शोभा नहीं है किन्तु स्वयं ही अतिसुन्दर हैं ऐसा जाना जाता है। जिस प्रकार कि नयनों की अत्यन्त सरसता है उस प्रकार कर्णों की अन्यत्र अनुभव न होने के कारण सरसता नहीं है ऐसी किसी को कुबुद्धि न हों इस लिये कर्णों में मकराकार कुंडल का धारण कहा गया है। कुण्डलों की सरस देश में स्थिति के कारण उन के साम्य प्राप्त कर्णों का रसमयत्व जाना जाता है। अतः जैसा कि नेत्र-मात्र दर्शन से महान् रस उत्पन्न होता है ठीक उसी प्रकार

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कर्णों का दर्शन से रस प्रकट है ऐसा भाव है। अनन्तर चुम्बन से अत्यन्त प्रसन्नता प्राप्त भगवान् के उस प्रकार आनन को देख कर स्वयं अत्यधिक आनन्दित हुई ऐसा स्मरण कर कहती हैं—"प्रसन्नानन्दवदनः" इस पद से—प्रसन्न तथा आनन्दरूप वदन जिस के वह। किम्बा किसी समय अपने में अपराध हो जाने पर भी श्रीकृष्ण के आनन प्रसन्न रूप देख कर आनन्दिता हुई उस का स्मरण कर कहने लगी हैं। इस से किसी अपराध से वर्त्तमान श्रीकृष्ण नहीं मिलते हैं यह शंका रही नहीं। किम्बा—प्रकर्ष रूप से सन्नाः अर्थात् सूक्ष्मा तात्पर्य्य कृशा जो गोपियाँ हैं उन के आनन्द रूप वदन जिन के वह ऐसा अर्थ है। विरह से अत्यन्त कृशता प्राप्त उन के भगवद्-मुखावलोकन से ही महान् आनन्द उत्पन्न होता है। अतः यह नाम प्रकृत उपयोगी है। अथवा—प्रसन्न अर्थात् प्रकट तथा तादृश आनन्द-रूप वदन जिन का वह।

अथवा प्रसन्ना जो गोपियाँ हैं उन से आनन्द युक्त वदन है जिन का वह। जब किसी समय पहले समय का निर्बन्ध करके समस्त रात्रि बिता कर प्रातः श्रीकृष्ण आये, वह मानादि के कारण अप्रसन्ना हुई। श्रीकृष्ण ने "वदसि यदि किञ्चिदपि" इत्यादि गान का अर्थ अनुकरण के द्वारा मान का दूरीकरण किया, तब वह पहले की तरह उत्फुल्लवदना प्रकटानुरागवती हुई। श्रीकृष्ण भी आनन्दित हुए, उस का स्मरण कर ऐसा कहने लगीं। अब मेरे प्रार्थना करने पर भी क्यों नहीं ऐसा करते हो यह भाव है। इस प्रकार के स्मरण से अत्यन्त सन्ताप उत्पन्न होने पर वह अत्यन्त आर्त्ता हो कर उस को दूर करने के लिये श्रीकृष्ण के आनन को चन्द्र रूप में निरूपण करती हैं। यह ही हमारे ताप को दूर करने वाला है, अन्य कोई नहीं है इसी अभिप्राय से कहने लगीं, अतएव इस में पुनरुक्ति दोष नहीं रहा है। "जगदाल्हादकाननः" जगत्

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

समस्त का आल्हादकारी आनन जिनका वह । समस्त इन्द्रिय-अन्तःकरण व्यापक आनन्द-विशेष आल्हाद है। इस का सर्वत्र ही कोक रूप गोपीहृदय में संश्लेषता के कारण, गोपीमुखकमलादि विकसित करने के कारण, रात्रि में भी वृन्दावनस्थित कोक-कमलादि को आनन्द प्रदान के कारण प्रसिद्ध चन्द्र से अतिशयत्व सूचित होता है । प्रसिद्ध चन्द्र में उन विषय (अतिशयत्व) का अभाव है ।

वह प्रसिद्ध चन्द्र जैसा कि उस के लिये सृष्ट है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र हम सब को आल्हादित करने के लिये प्रकट है। वह उन का प्रधान निज कार्य्य है। वह यदि अपने कार्य्य करते हैं तो अपने अवतार लेने के प्रयोजन को नहीं जान सकते हैं ऐसा भाव है। गोपियों के द्वारा भागवत में ऐसा कहा गया है कि— "ब्रज के भय-आर्त्ति प्रभृति को दूर करने के लिये ही आप का प्रकट है" "ब्रज-वनवासियों का" इत्यादि श्लोक में भी ऐसा वर्णन है। "जगत् का आल्हाद जिसके द्वारा उस प्रकार वा आनन जिनके वह, ऐसा अर्थ प्रकरणविरोध के कारण उपेक्षित है ॥१३॥

इस प्रकार आल्हाद के कारण चन्द्रत्व तथा उस से भी अतिशयत्व का निरूपण करके इसके पश्चात् प्रकाशकत्व रूप से उन दोनों का निरूपण करती हैं—"सुस्मेराधृतलावण्यप्रकाशीकृतदिङ्मुखः" इस पद से—

सुस्मेरों से अर्थात् मदन-चन्द्रादिकों से भी अतिसुन्दर जो मन्दहास्य उनसे धारण किये हुए जो लावण्य अर्थात् सौन्दर्य्य है उससे प्रकाशीकृतानि अर्थात् प्रकाशयुक्त की गई दश दिशाऐं जिनसे वह। यहाँ प्रकरण बल से मुखारविन्द का ही जानना । यद्यपि दश दिशाऐं चन्द्रादिकों से प्रकाशयुक्त हैं तो भी श्रीकृष्ण के मुखारविन्द की उस प्रकार प्रभा से ही प्रकाशयुक्त होती हैं इसका ज्ञापनार्थ

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सुस्मेराधृत यह विषेषण है । नहीं तो केवल लावण्य ऐसा कहा जाता था । यहाँ दिङ्मात्र ऐसा बोलने में जो मुख को उक्ति है उससे दिशाओं के स्त्रीत्व के कारण जब उनके मुखों को प्रकाशयुक्त करता है तब हम सब के मुखों को उस प्रकार क्यों नहीं करेगा ऐसा भाव सूचित होता है । उस से वह स्त्रियों का ही हित कारक है यह सूचित है । अतः वह नाम अपने भगवत्संग-आशा रूपी लता के अवलम्बन रूप कदम्बवृक्ष स्वरूप है ऐसा जानना । किम्बा पूर्वोक्त सुस्मेरों से आ अर्थात् ईषत् धृत लावण्य जिस का वह । प्रकरण बल से तादृश मुखारविन्द का ही ग्रहण है । मन्मथादिक भगवत् मुखारविन्द सौन्दर्य्य के कोटि अंश के एक अंश धारण करके लोक में अत्यन्त सुन्दर कहे जाते हैं ऐसा भाव है । इसी लिये अन्धकारादि रमण में श्रीकृष्ण के मुख-चन्द्रमादि के होने के कारण चन्द्रादि की अपेक्षा नहीं है ऐसा सूचित होता है । अथवा-सुस्मेरा अर्थात् गोपियाँ उनके द्वारा श्रीकृष्ण ने अपने में धारण किया जो लावण्य उससे । तात्पर्य-गोपियों से वेष्टित अथच उन से कृतशृङ्गार उन के सम्भोग से उत्पन्न कुंकुम-कज्जलादि रेखा विशिष्ट श्रीकृष्ण के मुखारविन्द के जो लावण्य वह । किम्बा-सुस्मेरा निमित्त धारण किया गया जो लावण्य ऐसा अर्थ । "तासामाविर-भूत्" इस श्लोक से "अनुग्रहाय भूतानाम्" इस श्लोक से भी ऐसा कहा गया है । अथवा पूर्व नाम से उत्पन्न आल्हाद के स्मरण से कभी श्रीकृष्ण राधिकामिलन आल्हाद से सहास्य वदन होते हैं उस समय का स्मरण करके कहती हैं—सुस्मेर इस पद से । अतः इससे प्रकाश का वर्णन है । अतएव उस समय दन्तावली प्रकट दीखती है अधर भी प्रकट दिखता है । उस का वर्णन करती हैं—"सिन्दुरा-रुणसुस्निग्धमाणिक्यदशनच्छदः" इस पद से । स्निग्ध अर्थात् चिक्कण-व शोभायमान किम्बा स्नेह के विषय जो माणिक्य आरक्त

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मौल्यमणिविशेष हैं उन के समान जो दशन समूह हैं। यहाँ अन्त में दशन का वर्णन है। अथ च सिन्दूर के समान अरुण सुस्निग्ध जो माणिक्य हैं उसके समान जो दशन अर्थात् दन्तावली है उनका छद अर्थात् आच्छादक अधर जिन का वह ऐसा अर्थ है। अधर में माणिक्य दृष्टान्त चाकचक्यता के कारण है। जिस प्रकार कि मणि सब के प्रिय है परन्तु इस के मर्मज्ञ इस की वार्त्ता में अभिनिविष्ट चित्तवाला परीक्षक जन माना जाता है, ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी सब के प्रिय हैं, परन्तु महान् सुरत से सञ्जात दन्तक्षत तथा अधरपान करने वाली गोपियाँ ही उन की मर्मज्ञा हैं ऐसा सूचित होता है। इससे स्नेहातिशय का सूचित है। सिन्दूर दृष्टान्त से उस से रहित दुर्भगात्व का सूचित हो रहा है। अथवा–सिन्दूरारुण जो अधर है उस में स्निग्धाः अर्थात् स्नेहवती हैं वे गोपियाँ उन में माणिक्य रूप दशनों का छद अर्थात् समूह जिनका वह। किम्बा दशन समूह तथा उनके छद भी जिनका वह ऐसा अर्थ है। यहाँ माणिक्य पद से जैसा कि माणिक्य–आभरणों से अधिक शोभा होती है ठीक उसी प्रकार दशनाधरचिन्हों से अधिक शोभा है यह सूचित होता है ॥१४॥

अब श्रीकृष्ण के द्वारा राधा के सीत्कार किये जाने पर "क्यों व्यथिता होती हो" जब इस प्रकार श्रीकृष्ण कहने लगते हैं उस समय उस से भी अधिक सुख का अनुभव होता है, उसका स्मरण कर कहती हैं—"पीयूषाधिकमाध्वीकसूक्तः" इस नाम से—

पीयूष अर्थात् अमृत से भी अधिक मधु जिस में इस प्रकार शोभन उक्ति जिनकी है वह। पीयूष से अधिक वह असाध्यसाधक रूप है। "सिञ्चांग न" इस श्लोक में निरूपित किया गया है। "तुम्हारे अंगसंगामृत मात्र से" "इस प्रकार के कन्दर्पज्वर से" इत्यादि गीतगोबिन्द में भी बचन है। देवताओं के अमृत से असाध्य

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अनंग के जीवन रूपत्व स्पष्ट है । उक्ति में शोभनत्व का आशय-श्रीकृष्ण के द्वारा उच्चारण किये जाने पर ईषत् प्रकाशमान दन्त-प्रभा की पंक्ति से नवीन मणिमय तोरण शोभा का प्राकट्य होता है। मंगल में ही तोरण का विधान किया जाता है । इस प्रकार उक्ति-स्मरण के पश्चात्-जब कभी विरह से गोपियाँ मूर्च्छित हो जाती हैं श्रीकृष्ण आकर मधुर बचन से मूर्च्छा को दूर करते हैं, उस का स्मरण कर कहती हैं-"श्रुतिरसायनः" इस पद से—

श्रुति अर्थात् श्रवणेन्द्रिय तत्सम्बन्धी रसायन अर्थात् महौषधि रूप ऐसा अर्थ है। अथवा पीयूषाधिक से लेकर रसायन पर्य्यन्त एक ही नाम हे। वहाँ ऐसा अर्थ है कि—पीयूष से अधिक माध्वीक उक्ति के द्वारा गोपियों के कर्णों में रसायन रूप । अथवा सूक्ति के द्वारा माध्वीकता के निरूपण से मुख का अति सरस कमल रूप ध्वनित होता है । कमल जिस प्रकार भ्रमर के द्वारा नियन्त्रित होता है यहाँ भी श्रीकृष्ण के श्रीमुख गोपियों के नयन-चुम्बन किये जाने के पश्चात् उस से नीलिमा प्राप्त अधर विशिष्ट हो गया है। अत एव अवधि देकर श्रीकृष्ण के अन्यत्र चले जाने पर अत्यन्त आर्त्ति से जब गोपियाँ मूर्च्छित हो जाती हैं, पुनः प्रातःकाल में आकर वचनों के द्वारा ही समाधान करते हैं इस से महौषधि रूप का संगत होता है। किम्बा तादृश सूक्ति रूप जो श्रवण सम्बधी रस उस का अयन रूप ऐसा अर्थ है . पुंलिग प्रयोग छान्दस है । अब रास के पहले आई हुई गोपियों को "स्वागतं वो महाभागा" इस प्रकार जो बोले थे उस का स्मरण करके, उस समय श्रीकृष्ण वचन के द्वारा निवारण करते हुए भी त्रिभंग स्वरूप से मोहित एव अपनी बना कर रस प्रदान करने लगे थे उस प्रकार अभी करें इस अभिप्राय से उस स्वरूप का बर्णन करती हैं—"त्रिभंगललितः" इस नाम से—त्रिषु अंगेषु अर्थात् ग्रीवा-कटि-चरणों में जो भंग अर्थात् अन्यथा-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भाव जिन के वह । अथवा तीन प्रकार का भंग त्रिभंग । ललित अतिसुन्दर ऐसा अर्थ है। अत्यधिक वेणुवादन के कारण कुछ बांई तरफ शरीर को झुकाकर जिस से कि स्त्रीगण मोहित हो उस प्रकार विराजमान होते हैं, उस समय ग्रीवा स्वत तिरछी हो जाती है, उस से अत्यधिक शोभा होती है, उसका स्मरण कर कहती हैं— "तीर्यग्ग्रीव:" इस नाम से—अत एव भागवत में "वामबाहुकृत-वामकपोल" इत्यादि वचन से देवस्त्रीमोहक बांई तरफ परावृत्त वेणुनाद का कथन है । अच्छा दोनों किम्वा चारों अंगों में भंगित्व क्यों नहीं ऐसी शंका करती हुई त्रिभंग के तात्पर्य्य रूप नाम को कहती हैं—"त्रैलोक्यमोहन:" इस पद से। यहाँ यह अर्थ है—लोक त्रय रूप तीनों अंग में अन्यथा भाव सम्पादन के कारण-त्रिलोक के आर्य मार्ग रूप पूर्व रूप का ही अन्यथा करण सूचित होता है । तीनों अंग में से एक ही अंग तीनों लोकों का अन्य प्रकार करने में समर्थ है । त्रयी अर्थात् वेद त्रय रूप त्रिवली की भाँति कंठ में अन्यथा भाव सम्पादन से त्रिलोक के भी वेदत्रय निरूपित कर्ममार्ग का त्याग सूचित होता है । निर्गुण उपासक के समाधि रूप कटि-नाभि के उस प्रकार अर्थात् अन्य प्रकार करने के कारण ज्ञानमार्ग का त्याग होता है । अत्यन्त सूक्ष्मता के कारण शून्यता में उस प्रकार है इससे भगवत्ता का विरोध नहीं है । मर्य्यादाभक्ति रूप दक्षिण चरण कमल के अन्यथा भाव सम्पादन के कारण एवं पुष्टि-भक्तिरूप सुस्थिर वाम पद को आश्रित रूप कराने के कारण मर्य्यादा रूप विहित भक्ति का त्याग तथा पुष्टि रूप कामादि मार्ग से भजन सम्पादन होता है। अत: गोपियों के लिये ही ऐसा स्वरूप प्रकट किया गया है ऐसा जानना । नहीं तो गोपियों के द्वारा मर्य्यादा का त्याग नहीं होता । इस स्वरूप से अन्यों का मनोहरण जो होता है वह तो-जैसा कि कामिनी कामुक के अनुरञ्जन के लिये

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

हो मृगमद लेपन करती है, अन्य के लिये नहीं है । परन्तु मृगमद-लेपन का गन्ध अप्रतिहत स्वभाव के कारण सखियों को भी अनुभूत होता है किन्तु विचार करने पर कामुक ही उस के भोक्ता है ॥१५॥

इस प्रकार निज मोहक रूप का कथन करके उस के सहाय रूप अधरामृत के साथ वेणुनाद का वर्णन करती हैं—"कुञ्चिताधर-संसिक्तकूजद्वेणुविनोदवान्" इस नाम से—

कुञ्चित जो अधर उससे सम्यक् सिक्त अतः कूजन् अर्थात् शब्दायमान जो वेणु उसमें जो विनोद अर्थात् विविध मूर्च्छनादि तद्विशिष्ट । वादन प्रकार विशेषता से किसी गोपी का आह्वान, किसी का मोहन, किसी की जड़ता, किसी गोपी का चैतन्य इस प्रकार एक ही साथ नाना कार्य्य साधन रूप विनोद शब्द का अर्थ है । "निशम्य गीतं तदनङ्गवर्द्धनम्" "कुजगतिं गमिता न विदामः" "अस्पन्दनं गतिमतां पुलकस्तरूणाम्" इस प्रकार भागवत में कहा गया है । अर्थात् "काम वर्द्धक उस वेणुगीत का श्रवण कर व्रजगोपियाँ उत्कण्ठिता हो कर चलने लगीं" "हम सब जडगति को प्राप्त हो कर कुछ नहीं जानने लगीं" "गतिधारियों में जड़ता, तथा वृक्षों में पुलकावली आ गयी" इस प्रकार एक ही साथ नाना कार्य्य सम्पादन करने वाला वेणुनाद है । यहाँ अधर का सिंचन क्रिया निरूपण से अमृत रूप का ध्वनित होता है । सिंचन क्रिया द्रव वस्तु से होती है, अन्य वस्तु में उसका अभाव है । वह द्रवत्व अधर में रहता है । वेणुजात शब्द श्रवण से स्वयं साक्षात् सिक्त हो कर उस सींचन के द्वारा हम सबको भी सिञ्चित करता है । जिस प्रकार कोकिलादि कूजन से रस का उद्बोध होता है । यह सब विषय रस-शास्त्र से सिद्ध अर्थात् जाना जाता है । ठीक उसी प्रकार वेणुनाद से उसका उद्बोध है यह सब हम सबके अनुभव सिद्ध है, कूजत्पद प्रयोग

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

करने का यह भाव है। मोहन की सहायता रूप में इसका निरूपण किये जाने के कारण यह ध्वनित होता कि—हम सब के मोहन में श्रीकृष्ण का कोई प्रयास नहीं होता है। इस लिये विनोद पद दिया गया है। इस प्रकार वेणु का वर्णन कर उस के आधार का वर्णन करती हैं—"कंकणाङ्गदकेयूरमुद्रिकाविलसद्भुजः" इस पद से—

कंकण के ऊपर अंगद, उस के ऊपर केयूर यह क्रम है। मुद्रिका सब अंगुलियों में विराजमान है। आदि शब्द से नखशुक्ति कही जाती है। उस के गुप्त रहने के कारण आदि शब्द से माना जाता है। इन द्रव्यों से "लसन्तौ" अर्थात् शोभायमान भुज जिन के वह। अंगुलियों आदि के भुजों के अवयव होने के कारण मुद्रिकाओं का भुजों के शोभारूप कहा गया है। अथवा-इस प्रकार वेणु वर्णन से जब कभी श्रीकृष्ण वेणु से अपने नाम लेकर आह्वान करते हैं उस समय राधिका रहस्य स्थान में आकर श्रीकृष्ण के भुजाओं को अपनी भुजाओं में धारण कराती है, श्रीकृष्ण भी राधिका की भुजाओं को अपनी भुजाओं में, उस समय अपने किम्वा श्रीकृष्ण के कंकण-अंगदादियों से श्रीकृष्ण की भुजाओं में अत्यन्त शोभा देखने में आती है उसका स्मरण कर कहती हैं—"कंकण" इत्यादि पद से। अतः यहाँ कंकणादि गोपियों के हैं। इस से उन की स्थिति का क्रम बैठ जाता है। बाहु मध्य स्थित केयूर के ऊपर राधिका की मुद्रिकादि की स्थिति है ऐसा संगत होता है। यहाँ आदि शब्द से सुवर्ण-कंकण काचकंकण, नखशुक्ति आदिक हमारे हृदय स्थित अनेक कहे जाते हैं। इस लिये "लसद्भुज" ऐसा कहना सुन्दर हुआ है। अथवा—मुद्रिका आदि में है जिनके वे, तद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि से यह अर्थ है। वहाँ कंकण-अंगद-केयूर भी है, वे मुद्रिकादि भी हैं ऐसा कर्मधारय समास है। अतः भगवदीयत्व पक्ष में भी अक्रम नहीं है ॥१६॥

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अब क्रम से कौस्तुभादि देखे जाने के कारण क्रम से उसका वर्णन करती हैं—"स्वर्णसूत्रसुविन्यस्तकौस्तुभामुक्तकन्धरः" इस पद से—

सुवर्णमय सूतों से सुन्दर विन्यस्त जो कौस्तुभ मणिमय आभरण है उस से आमुक्त अर्थात् व्याप्त कन्धरा अर्थात् कन्धभाग जिनके वह । तादृश कौस्तुभ से युक्त एवं विशाल जो स्कन्धभाग वह जिन के यह कर्मधारय समास है। अथवा–पहले स्वर्णसूत्र से सुन्दर विन्यस्त जो कौस्तुभ वह पश्चात् रतिसमय में उस के रहने से जो अन्तराय उत्पन्न हुआ है उस कारण असहिष्णु वश में आकर उतार दिया गया है उस से आ अर्थात् समन्तात् मुक्त अर्थात् त्यक्त कन्धरा जिन की वह ।

अब "मुक्ताहारोल्लसद्वक्षःस्फुरच्छ्रीवत्सलाञ्छनः" इस का वर्णन करती हैं—मुक्ताहारों से उत् अर्थात् अतिशय से लसत् अर्थात् शोभायमान जो वक्षः उसमें स्फुरत् अर्थात् प्रकाशमान श्रीवत्स रूप लाञ्छन (चिन्ह) जिन के वह । अथवा मुक्ताहार उल्लसद्वक्षः के द्वारा स्फूर्त्तिवाली जो श्री वह वत्सलाञ्छन । जिस प्रकार राधिका श्रीकृष्ण के नख पदादि से चिन्हित वक्षः वाली है ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी राधिका के नख–पद–कुंकुम–कज्जलादियों से अंकित वक्षः वाले ऐसा अर्थ है। निज कन्धें में धृत वाहु के स्मरण होने पर ऐसा कथन से उस समय राधा के करस्पर्श जनित रोमाञ्च-आनन्दादि के द्वारा स्वभावतः ही कन्धे कुछ ऊँचे उठे हुए हैं उससे श्रीकृष्ण के वे कन्धे मनोहर देखे जा रहे हैं इस लिये श्रीदृष्टान्त दिया गया है। गोपी का परित्याग कर श्रीदृष्टान्त देने का यह भाव है। यदि किसी गोपी के निकट प्राणनाथ हैं तव मेरा इस प्रकार दुःख नहीं होता। यहाँ परस्पर में सबकी निष्कपट प्रीति ऐसा सूचित होता है । विरह में भी ऐसा स्वभाव हो जाता है ।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

दुःख के सम्भव में प्रिय भी सह्य नहीं कर सकते हैं । यदि किसी प्रकार प्रिय उस विरह का सहन कर भी लेते हैं तो गोपियाँ नहीं सह सकती हैं, वे बलात् प्रिय को यहाँ लाती हैं। वर्त्तमान ऐसा अभाव है। अतः लक्ष्मी समीप में हैं ऐसा भावार्थ है। इसका विस्तार अब नहीं किया जा सकता है ॥१७॥

अब हृदय का वर्णन करती हैं—"आपीनहृदयो" इस पद से। आ अर्थात् सम्यक् रूप से पीन अर्थात् स्थूल हृदय जिन के वह। इस से दोनों स्तनभाग के मध्यदेश वर्णित हो रहा है। उन्नत उस मध्यदेश की सुन्दरता के कारण ऐसा कहा गया है । अथवा आ अर्थात् सम्यक् रूप से पीना अर्थात् स्थूलस्वरूपा गोपियों के कुच-कमल हृदय में जिनके ऐसा अर्थ है। किम्बा गोपियों का आपीन विस्तृत हृदय जिसमें यह अर्थ है। अब उसके अधःस्थिता माला का वर्णन करती हैं—नीपमाल्यवान् इस पद से। नितरां अर्थात् अतिशय रूप से "इ" अर्थात् काम को "पाति" अर्थात् रक्षा करता है वह नीप उस से रचित माला का धारण करने वाला ऐसा अर्थ है। नीप शब्द से सूक्ष्म कदम्ब-कुसुम-समूह अथवा नीपवृक्ष कहा जाता है। उस से हृदय में कामजात काम-रक्षकता के धारण से निरन्तर सकामत्व सूचित होता है जिससे इस प्रकार के अपने अभिलाष की सूचना होती है। अब "बन्धुरोदरः" इस पद से उदर का वर्णन करती हैं—बन्धुर अर्थात् निम्नोन्नत, मध्य में किञ्चित् उन्नत दोनों पार्श्व के नीचे ईषत् निम्न इस प्रकार उदर जिनका वह। अथवा बन्धु इस पद से हरि यह नामधारी साधर्म्यवान् सिंह कहे जाते हैं। उन को राति अर्थात् र एवं ल का अभेद है इस न्याय से रकार के स्थान पर लकार प्रयोग करके उन को लाति अर्थात् आदत्ते अर्थात् आत्मसात् करता है उदर जिन का वह। सिंह के उदर की भाँति कृशता के कारण श्रीहरि का उदर

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मनोहर है यह भावार्थ।

संवीतपीतवसन—संवीत अर्थात् वेष्टित है पीतवसन जिन का वह, किंबा देखने के लिए जो विषयांग समूह हैं उनके अन्तराय रूप से अर्थात् निज पीतवसन दर्शन के द्वारा विषय-वृत्तियों को तुच्छ करते हुए श्रीकृष्ण गोपियों की दृष्टि को अत्यंत उत्कण्ठा के साथ आकर्षित करते हैं। तात्पर्य-गोपियों की दृष्टि श्रीकृष्ण के पीतवसन में बंधी हुई ठहरा है इसी लिए पीतवसन को श्रीकृष्णने धारण किया है। इसमें कर्मधारय समास का भी सम्पादन होता है।

किम्बा किसी समय मान के द्वारा विरहकातरा श्रीराधा के द्वारा अकस्मात् प्रकटित हो दूर से भागकर आलिंगित हुए उस समय अपने हृदय और भुजा, कंकण, अञ्चलादियों से श्रीकृष्ण के पीतवसन वेष्टित हुआ। अब श्रीराधिका उसका स्मरण करती हुई अहो! इस प्रकार फिर कब होगा ऐसा मनोरथ द्वारा इस नाम का उच्चारण करती हैं।

इस प्रकार दृष्टि ढकने से गोपनीय भाव प्रकट होता है। इसी लिए संवीत शब्द का प्रयोग किया गया है। किंबा यहाँ पर उत्तरीय का वर्णन है, उसका आश्लेष अन्तराय रूप दृष्टि-संवीतत्व जानना। किंबा संवीत अर्थात् सर्वदा वृत अर्थात् वर्तमान गुप्त रसावस्थान जिनमें। वहाँ पर पीत ही वसन जिनका ऐसा अर्थ होता है। किम्बा सम्यक् रूप से कामरस रूप जो अमृत है तद्विशिष्ट हैं। अतः संवीत शब्द का प्रयोग है। यहाँ पूर्वोक्त प्रदेश में ऐसा जानना। वहाँ बीत अर्थात् विगत हो गया है पीतवसन जिनका यह अर्थ है। यहाँ पर कर्मधारय समास भी सिद्ध है। पीतवसन के द्वारा श्रीकृष्ण वेष्टित ऐसा जानना। किम्बा गोपियों के द्वारा श्रीकृष्ण वेष्टित हैं ऐसा अर्थ है। इस रीति से गोपीजनों से और पीतवसन से जो संबीत हैं वे श्रीकृष्ण। किम्बा सम्यक् प्रकार से वीत अर्थात् त्यक्त किया है

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

गृहादिक जिन्होंने, संध्या के समय गोपियों का गृहत्याग उचित था। तात्पर्य त्यक्त गृहादिक जो गोपियाँ उनमें पीतवसन जिन का अर्थात् मिलन समय में श्रीकृष्ण का पीतवसन गोपियों के शरीर में लग्न है। निष्कर्ष यह है कि—रात्रि जागरण के समय रतिक्रम के द्वारा असावधानी के कारण प्रातः उठने के समय श्रीकृष्ण के वस्त्र गोपियों में और उनके श्रीकृष्ण में विपर्यास रूप से रह गया था। जिस समय श्रीकृष्ण पहले विविध रीति से गोपियों में परमरस का प्राकट्य करते हैं उस समय उस रस के स्वभाव से एवं रसाधिक्य से स्त्रियों का भी उस प्रकार रस होता है। किम्बा सम्यक् प्रकार से वीत अर्थात् परित्यक्त है रतिसमय में पीतवसन जिनके द्वारा वे श्रीकृष्ण।

रसनाविलसत्कटिः—पहले महामणि हीरक आदि से जटिता और सुवर्ण के सूतों से गूंधी हुई बदरी (वेर) की भाँति मुक्ताफल बीच में जिनके, मानो रतिपति-जयघंटिका शृङ्खला रूप से बंधी हुई है उसमें घूंघरू भी लगे हुए हैं ऐसो जो स्वर्णमयी रसना (क्षुद्रघंटिका) है उसके द्वारा विशेष रूप से शोभायमान कटि जिनकी वे श्रीकृष्ण। अन्य प्रकार से गोपियों की कनकरसना के द्वारा शोभायमान कटिवाले। "विलसत्कटिः" यहाँ पर वि शब्द का अर्थ यह है कि सहज सुन्दर मेघकांति वाली कटि मे विविध रंग की मणिआदियों से अधिक शोभायमान।

किम्बा वि पद के द्वारा पक्षी कहे जाते हैं, उनको निजस्वन के सजातीय रूप से समान धर्मा होने के कारण लाति अर्थात् ग्रहण करता है ऐसे जो ला। यहाँ पर रसन पद के साथ कर्मधारय समास का अभिप्राय है। अर्थात् उस प्रकार शोभायमाना रसना विलास करती है जिनके द्वारा इस प्रकार की कटि जिनकी। तात्पर्य-कटि में जो शोभा है वह रसना के द्वारा नहीं है, वह शोभा

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सहज ही सुन्दर है। वस्तुतः कटि के द्वारा प्राप्त जो शोभा है वह रसना में विद्यमान है।

किम्वा गोपियों की रसनाओं में वह कटि जिनकी। ऐसी श्रीकृष्ण की कटि के द्वारा गोपियों की रसनावली सुशोभित है। अथवा श्रीकृष्ण के नृत्य का स्मरण करती हुई श्रीराधिका ने इस प्रकार कहा है। अतः भ्रमरिका शब्द के ग्रहण के द्वारा अधिक चाक् चक्य के कारण शोभा विशेष कही गई है। उस समय श्रीकृष्ण की कटि चलायमान थी ॥१८॥

इस प्रकार कटि का वर्णन करती हुई श्रीराधिका कटि के निम्नदेश में स्थित पीताम्बर का वर्णन करती है—अन्तरीयघटीबन्धप्रपदान्दोलिताञ्चलः।

"अन्तरीय–उपसंव्यान–परिधान–अधोंशुक" इत्यादि कोस से अन्तरीयपद कटिस्थित पीताम्बर परक है। उस की किनारी बन्धी हुई है, उस से चरणाग्र में अञ्चल (आंचल) आन्दोलित हो रहा है जिसका यह अर्थ है। कटिस्थित पीताम्बर उक्ति के द्वारा वहाँ स्थिति की अन्यथानुपत्ति से बन्धनप्राप्ति में भी बन्धनिरूपण है, उस से नृत्य के समय कमलादि–आकार से बँध जाता है उस प्रकार बन्धन का यहाँ कथन है। अतः चञ्चलायमान उस का चरणाग्र में आन्दोलन होता है। आन्दोलनबचन से मधुरनृत्य ज्ञात हो रहा है। अथवा घटीबन्ध–पद बन्धन प्रकार का विशेष वाचक है। अन्तरीय के घटीबन्धन में बन्धन-प्रकार विशेषण से–चरण प्रान्त में आन्दोलित अञ्चलभाग जिस का अर्थ है।

अथवा—घटीपद से गोपनीय कहा जाता है। अर्थ यह है—परस्पर में शृङ्गारादि तथा रहःकथा करने वाली सब के उपविष्ट होने पर उन के बीच में श्रीकृष्ण नीव्यादि परिधान से उन का वेश कर ऊपर स्थूल वस्त्र से वदन–कमल को ढक कर अपने शिक्षित कुछ

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सखियों के मध्य में हो कर "वे सब जिस प्रकार नहीं जानेंगीं" उस प्रकार धीरे धीरे मधुरगति से कौतुकार्थ उपस्थित हुए उस समय अञ्चल को देख कर उस का स्मरण कर ऐसा कहती है—अन्तरीय के ऊपर जो घटी अर्णात् नीवि है उस के बंध जाने पर पादपर्य्यन्त आन्दोलित अर्थात् दोलायमान अञ्चल जिन में।

अथवा—रहस्यस्थल में कभी श्रीकृष्ण व राधिका परस्पर आलिङ्गन प्राप्त कर रहे थे। उस समय श्रीकृष्ण के अन्तरीय पर राधा की नीवी संसर्गित हुई। उस का स्मरण कर "अञ्चल आन्दोलित जिन का" इस प्रकार कहने लगीं। इस प्रकार के सुखदायी वे अब ऐसा क्यों नहीं हैं। अथवा—अन्तरीय स्थान में जो घटी उस का जो बन्ध उस से चरण पर्य्यन्त दोलायमान अञ्चल जिन के। रात्रिजागरण आलस्य से काम-समर विजय जात श्रम के हेतु अनवधान हुए थे, उन के नयन घूर्णायमान थे। वे अपने पीताम्बर का त्याग कर गोपीवसन से अपने को वेष्टित कर गमन करने लगे। उस समय अञ्चल उस प्रकार हुआ था उस का स्मरण कर ऐसा कहने लगीं।

अथवा इस पद में दो नाम हैं। पादान्त में विसर्ग देने पर "अन्तरीयघटीबन्धः, प्रमदान्दोलिताञ्चलः" दो नाम होते हैं। अन्तरीयघटी अर्थात् गोपिका की अन्तरीयघटी में बन्ध अर्थात् करतलबन्ध जिन का। यह प्रथम समागम में अथवा लज्जित अवस्था में अन्तर में आर्त्ता अथवा मिथ्यामान के कारण नति का अनङ्गीकार करने वाली के निर्बन्धकरण में है।

जिस प्रकार उस समय अपने में निर्बन्ध-करण किया अब उस प्रकार इस विषय में ऐसा करें यह भावार्थ है। अथवा अञ्चलपद से गोपिकाअञ्चल है। जिस समय श्रीकृष्ण रहस्यस्थल पर आते हैं तथा गोपिकाएँ कुंकुमादिसुगन्ध द्रव्य जलों से चरण कमल का

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्रक्षालन कर अपने अञ्चल से पोंछती उस समय श्रीकृष्ण के चरणों में उन का अञ्चल आन्दोलित होता है, उस का स्मरण कर कहती है, अब ऐसा करो यह अभिप्राय जानना ॥१६॥

आगे उरु-जानु आदि समय विशेष में प्राकट्य होंगे, वे सब पीताम्बर से ढके हुए हैं। अतः वे समस्त गोपनीय हैं ऐसा जान कर उन अंगों को न कह कर चरण-कमल का ही वर्णन करती हैं, अथवा वर्त्तमान उन अंगों के अवधान का अभाव है। पीताम्बर-प्रसङ्ग से ही चरणस्मरण के उत्पन्न होने पर तत्सम्बन्धि चरणार-विन्द का पहले स्मरण कर वर्णन करती हैं—

अरबिन्द इत्यादि दो श्लोकों से—

अरबिन्दरूप पदयुगल में कलक्वणित अर्थात् अव्यक्त मधुर रूप से शब्दायमान नूपुर समूह जिन के वे। अरबिन्द पद से तापहार-कत्व-सरसत्व-गोपीकुचकोकसहचरत्व सूचित हो रहे हैं। विरह-तपन-उद्धव में इन का प्राकट्य है ऐसा ज्ञात हो रहा है। कमल की जिस प्रकार सरस देश में उत्पत्ति है उस प्रकार इस का रसन से सरस हृदय विषय का प्राकट्य सूचित हो रहा है। जिस प्रकार कमल के भीतर केवल जलमात्र नहीं है अपि तु मकरन्द है उस प्रकार बन्ध्वादि को हृदयादि पर स्थापन में रस उत्पन्न होता है। यह रस ज्ञानविषयक आनन्दसामान्य परक नहीं है। इसलिये उसका यहाँ अविषयत्व माना गया है। यह रस ज्ञान से अत्यन्त उत्तम है। ज्ञानियों की अद्वैतदृष्टि होती है। इसी लिये यहाँ द्वन्द्वत्व (द्वैत) का कथन है। और भी कहते हैं—विकसित-कमल से मकरन्द की प्राप्ति होती तथा कमल का विकास सूर्य्यकिरण से होता है। यहाँ विरहताप मौजूद है। ज्ञानियों को उस का अभाव है अतः वे इस से वञ्चित रहते हैं। ताप के रहने पर कमलादि का अन्वेषण किया जाता है। ज्ञानियों में उस का अभाव कहा गया है अतः उन का

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

यहाँ उपयोग नहीं है। अतः गोपियों के हृदय में चरण-कमल का विकासत्व एवं रसदातृत्व है यह भाव सर्वस्व है। गोपीकुचकुङ्कुम यहाँ पराग है, ध्वज-बज्रादि केशर है।

गोपियों ने "पूर्णाः पुलिन्द्य" इस श्लोक में उस प्रकार कुङ्कुम के तापहारित्व कहा है। मकरन्द सम्बलित पराग की उस प्रकार स्थिति होती है। यहाँ "दयितस्तनमण्डितेन" इस पद से पूर्वकथित सम्बलितत्त्व का सूचित है। अतः उस के दर्शनमात्र से स्मररुज की उत्पत्ति एवं लिम्पन से उस का अभाव है। अब इस का विस्तार वृथा है। वास्तविक तथ्य की व्याखा करते हैं। नूपुर समूह कनक-हीरक-इन्द्रनीलमणि से परिष्कृत हैं, उन के चार ओर मुक्तागुच्छ-समूह लम्बायमान रूप से विद्यमान हैं, उस के आगे चरण में रचित विविध सूक्षपुष्प हैं। वे नूपुर इषत् चलन के समय भ्रमरों की भाँति अव्यक्त मधुर शब्द करते हैं। उस का स्मरण कर—"अरबिन्द-पदद्वन्द्वकलकणितनूपुरः" ऐसा वर्णन करने लगीं। अथवा अर-बिन्दों में अर्थात् गोपियों के हृदयकमलों में, अथवा संलालनादि समय में करकमलों में श्रीकृष्ण के जो चरण युगल उन में कल-कणित नूपुर जिन के। समय विशेष का स्मरण कर ऐसा कहा गया है। अथवा—अरबिन्दों का स्थान यमुनापुलिन में श्रीकृष्ण एवं गोपियाँ दोनों के रास में कलकणित नूपुर जहाँ, वहाँ नृत्य का स्मरण कर ऐसा कहती हैं। इस से चरण का उपरिभाग वर्णित हुआ। यद्यपि क्रम प्राप्त के कारण पहले नखवर्णन उचित था तो भी त्रिभङ्ग का स्मरण कर तलदेश का वर्णन है। पहले-दक्षिण चरणतल का दर्शन हुआ, पश्चात् नखों का दर्शन होगा अतः चरण-तल का पहले वर्णन है।

अथवा—पहले कभी विरह सन्तप्त हृदया उसने रहस्यस्थल में उपविष्ट श्रीकृष्ण के चरणतल को देख कर परम आर्त्ति से निज

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

हृदय में स्थापन किया था । उस से ताप का अपगम होने पर अपनी अञ्जलि में चरण धारण कर पहले तल पीछे नखों का दर्शन करने लगीं पुनः अपने पूर्वानुभूत अभिलषित तल का दर्शन हुआ। "अभी उस प्रकार सन्ताप है" ऐसी भावना कर चरण स्मरणमात्र से उसी का ही स्मरण कर अपने मनोरथ करती हुई नखों को भूल-कर तल का ही वर्णन करने लगी। तदनन्तर नखों का पुनः चरण-तल का वर्णन कर रही है। इसी लिये पुनः "अम्बुज" शब्द का प्रयोग है।

बन्धूकारुणमाधुर्य्यसुकुमारपदाम्बुज—बन्धूक रक्तपुष्प विशेष है। उस से भी अधिक अरुण, माधुर्य्य एवं सुकुमार विशिष्ट है। यहाँ कर्म्मधारय समास है। इस प्रकार पदाम्बुज जिस का ऐसा अर्थ है। अथवा बन्धूकारुण पद से कुङ्कुम कहा जाता है। उस से माधुर्य्य-सौन्दर्य्य जिन के, गोपीहृदय उन में परम सुकुमारता है, जो कि कमलाकर स्पर्श से म्लान को प्राप्त हो जाता है। अथवा जिस से मार अर्थात् कामदेव अत्यन्त कुत्सित हो जाता है, "सुकु-मार" शब्द का यह अर्थ है। अतिकठिन उन में उस प्रकार सुकु-मार-चरणाम्बुज का प्रदान करते हैं वह तो केवल गोपियों के लिये है जो कि अपने क्लेश को नहीं देखती हैं। श्लेष में-अरुण अर्थात् सूर्य्य से कमल का जिस प्रकार संश्लेष है।

नखचन्द्रजिताशेषदर्पणेन्दुमणिप्रभः—नख रूप एक ही चन्द्र के द्वारा अशेष दर्पण-इन्दु-मणियों की प्रभा को जिस ने तुच्छीकृत किया है वह। निर्मलता-चाकचक्यता-तापहारकत्व-मण्डलाकार-त्वादि गुणों से किसी भी अंश में न्यून नहीं है इसी लिये दर्पणादि तीन पदार्थ का ग्रहण है। एक से साम्याभाव हो सकता है अथवा दो वस्तु से साम्याभाव है परन्तु बहु वस्तु से साम्यता हो सकती है इस प्रकार शंका निरासार्थ अशेष पद का प्रयोग है। उससे साम्यता

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

की असम्भावना पर्य्यवसान में आ जाती है। दर्पण जय उक्ति के द्वारा निज अधरशोणिमा का प्रतिविम्बित होना सूचित होता है। दर्पण में ऐसा नहीं है। अतः भागवत में "उत्तुङ्गरक्त" इस प्रकार नख का विशेषण है। यहाँ प्रतिविम्बित वस्तु विम्ब से भी कोटि-गुण सुन्दर है ऐसा सूचित हो रहा है। दर्पण में ऐसा नहीं है। इन्दुजय उक्ति के द्वारा निर्म्मलत्व, निरन्तर अखण्डत्व, सूर्य्य-प्रभादि से अनभिभाव्यत्वादि सूचित होता है। चन्द्रमा में उस का अभाव है। मणिजय उक्ति के द्वारा अतिकोमल-देशप्रभवत्व, अति-शय भाग्यवान के हृदयभूषणत्व भीतर बाहिर सूचित होता है। उस में उनका अभाव है। दर्पणादि स्वयं अप्रयोजक हैं, वे सब प्रभा के द्वारा ही दूसरे के प्रयोजक होते हैं। अतः यहाँ सारभूतप्रभा से प्रभाजय की उक्ति है। चाकचक्य से दर्पण की, शैत्यता में चन्द्रमा की तथा लौहित्य में मणि की उपमा नहीं दी जा सकती है इसी लिये दर्पणादि तीनों का कथन है। अतः श्रीकृष्ण के चरण-सौन्दर्य्य वचनों के द्वारा अकथनीय है, इसी लिये जय उक्ति दी गई, परन्तु वे सब इस प्रकार नहीं हैं। अथवा—नखचन्द्र से वशी-कृत राधा की शेषभूता अर्थात् वे सब अवशेष रह गये। पहले विरहताप से उस प्रकार थीं, पीछे भगवत् संग में तादृश शोभा हुई। अतः नखों का चन्द्रत्व रूप में निरूपण है। अथवा—नखों से अर्थात् चन्द्रवत् शीतल तापहारि दर्शनों से रतिरण में जो जीती है वह। उस से और समस्त तुच्छ हुए। त्रिभङ्गपक्ष व द्वितीयपक्ष में ताप-गमनान्तर अब चरणकमल का हस्त मे धारण कर उस के सौन्दर्यादि से अभिनिविष्ट चित्त होकर चार ओर दर्शन करने लगीं। पहले उपरिस्थित नखदशन, पश्चात् तलस्थ रेखा दर्शन कर पहले नख पीछे, रेखा का वर्णन करती हैं। भगवद् के द्वारा रस प्राप्त राधा प्रातः उस शोभा का वर्णन करती हैं। इस प्रकार नखों

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

का वर्णन कर अब चरणतल स्थित रेखाओं का वर्णन करती हैं-ध्वजबज्राङ्कुशाम्भोजराजच्चरणपल्लवः—निर्भयता स्थिति के लिये ध्वजस्थापन है, विरह में हृदयरोध रूप महापर्वत के विदारणार्थ बज्रस्थापन है, "ब्रजनाथमहारस" से मदमत्त गोपीमनोरूप गज के मान अपनोदनार्थ अङ्कुशस्थापन तथा विरहताप का अपनोदनार्थ अम्भोजस्थापन है। विद्यमान उन ध्वज-बज्र-अङ्कुश-कमलादि से शोभायमान चरणपल्लव जिन के। इन कार्य्यों के लिये कृपा कीजिये ऐसा भाव है। आम्रादि के नवीन अङ्कुर पल्लव है। चरणों में उस का निरूपण इसी लिये कि—वह जिस प्रकार सरस वसन्त में प्रादुर्भूत होता है एवं नूतनकामजनक, रसपोषक, अति-कोमल स्पर्शवाला, तापहारक एवं रतिशय्या के उपयोगी माना-जाता है उस प्रकार उस रस से गोपियों के सरस हृदय में प्रादुर्भूत होते हैं। यहाँ कामजनकत्वादि उसी प्रकार सूचित होते हैं। उन में नित्यनूतनत्व मौजूद रहता है। अथवा—इस प्रकार चरण में पल्लव समूह जिन के। जब विरहसन्ताप से अपने हृदय में पल्लवों की स्थापना की उस समय श्रीकृष्ण के आने पर उन्हों ने अति-विह्वलित हो शीघ्र ताप दूर के लिये पल्लवों के साथ हृदय में अर्थात् पल्लवों से युक्त हृदय में चरण का स्थापन कराया। उससे सन्ताप दूर हुआ। उस का स्मरण कर अभी उस प्रकार कीजिये इस अभिप्राय से कहने लगीं ॥२०. १। २.

इस प्रकार प्रत्येक अवयव वर्णन से भी ताप का अपगम न होने पर वह अति दुःखिता होकर "जिन का एक बार संग से इस प्रकार दुःख प्राप्त है वे क्यों ढूढे जावेंगे अर्थात् उन का अनुसन्धान क्यों किया जावे" इस प्रकार शंका त्याग कर स्वरूप में अभि-निविष्ट चित्त होकर समग्र स्वरूप का वर्णन करती हैं—

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

त्रैलोक्याद्भुतसौन्दर्य्यपरिपाकमनोहरः—

त्रिलोक में अद्भुत अर्थात् असम्भावित गोपियों के सौन्दर्य्य का परिपाक अर्थात् विरहताप से अधरशोषलक्षण उस में मनोहर। विरह से मन अत्यन्त क्लेश युक्त हो जाता है। इच्छा होती है कि मन को निवर्त्तित करूँ परन्तु वह निवर्त्तित नहीं होता है, क्यों कि मन का हरण हो जाता है उसमें धर्म्मि का अभाव रहता है। विषय का भी ऐसा ही स्वभाव होता है। गीतगोविन्द में जयदेव ने कहा है—"गुणसमूह की गणना नहीं करती" "सखीसंवास को शत्रु की भाँति देखती" इत्यादि। अथवा—त्रैलोक्य में अद्भुत सौन्दर्य्य जिन के उस प्रकार की गोपियों के परिपाक में अर्थात् फलपर्य्यवसान में मन का हरण किया है जिस ने वह; अथवा—गोपियों के तादृश सौन्दर्य्य परिपाक में अर्थात् सम्यक् निष्पत्ति में मन का हरण करने वाले। प्रातःकाल से आरम्भ कर सन्ध्या-पर्य्यन्त पुष्पशय्या--मालारचना--अङ्गमर्द्दन-स्नान-नानाप्रकार नीवीपरिधान-केशप्रसाधन-सुगन्धद्रव्यलेपन-तिलक-अञ्जन रचना से सर्वाङ्गसौन्दर्य्य सम्पन्न होने पर सन्ध्या समय श्रीकृष्ण आकर मन हरण करते हैं इस का स्मरण कर कहने लगीं। "असमर्पित परकीय वस्तु का बलपूर्वक ग्रहण हरण है।" श्रीकृष्ण में विविध मनोहरत्व निरूपण के द्वारा "जब असमर्पित वस्तु का ग्रहण करते हैं तो हम सब के समर्पित मन का ग्रहण करेंगे इस में आश्चर्य्य क्या है" यह भाव सूचित होता है॥२१॥

इस प्रकार सन्ध्याकालीन उन का स्वरूप कह कर उस के बाद क्रम से रहस्य प्राप्त उन का स्वरूप वर्णन करती हैं—"साक्षात्केलि-कलामूर्त्तिः" इत्यादि पदों से। केलि अर्थात् कामकेलि वह कला-स्वरूप,उस की मूर्त्ति। वे चौषठ कलाओं में से अन्यकलाओं के ज्ञाता हैं, परन्तु कामकेलिकला के मूर्त्तिस्वरूप हैं यह भावार्थ है। जिस

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्रकार दुर्गादि-अंग समानाकार के कारण सुवर्णमयी मूर्त्ति भी दुर्गा की मूर्त्ति मानी जाती है ऐसा प्रसिद्ध है उस प्रकार केलिकला के यत्किञ्चित् धर्म्मवत्त्व के कारण श्रीकृष्ण में मूर्त्तित्व प्रतिपादित हो सकता है इस प्रकार शका-निरासार्थ साक्षात्पद का प्रयोग है। जिस प्रकार दिव्यमय दुर्गाशरीर में मूर्त्तिव्यवहार देवताओं का है उसी प्रकार श्रीकृष्ण की केलिकला में मूर्त्तिव्यवहार हम सब का है। कलात्व निरूपण के द्वारा सुरत में विचित्रत्व द्योतित होता है। श्रीकृष्ण के प्रत्येक अङ्गो में दर्शनमात्र से सुरतेच्छा उत्पन्नत्व की आवश्यकता के कारण, सुरत में विविध बन्ध कुशलत्व के कारण यह मूर्त्तित्व रूप में निरूपित है। अथवा "साक्षात्" इस अव्यय का प्रत्यक्षत्व अर्थ है। प्रत्यक्षा अर्थात् प्रत्यक्षीभूता केलिकलाओं की मूर्ति अर्थात् स्वरूप जिन के वे। दर्शन मात्र से सुन्दरत्वरूप में ज्ञान है परन्तु पूर्वोक्त समय में रसिकशिरोमणित्वादि ज्ञान नहीं ऐसा भावार्थ। अथवा केलिकलाओं में यहाँ निमित्त सप्तमी है। इस प्रकार रति-सामयिक प्रिय का वर्णन कर उस समय उस रस-पोषक रसान्तरकरण का उल्लेख करती हैं—"परिहासरसार्णवः" इति पद से। परिहास पद से हासजनक बचन समूह कहा जाता है। उन हासजनक बचनों में जो रस है अथवा रसरूपत्व है उस के अर्णव स्वरूप ऐसा अर्थ है। जब श्रीकृष्ण नर्म्मबचनों को कहते हैं उस समय एक ही बचन में जो रस है उसमें गोपियाँ निमग्ना हो जाती हैं, जब श्राकृष्ण दूसरे बचन बोलते हैं तब वे पूर्वरस का पार नहीं पाती हैं, पूर्व बचन रससागर से अधिक तरङ्गायमान दूसरे रससमुद्र में अधिक रूप से गिर जाती हैं। इस प्रकार उत्तरोत्तर बचनरूप रससमुद्रों में निपतित हो जाती हैं ऐसा हाद है। अतः रस का ही प्राधान्य है बचनों का नहीं इस के ज्ञापनार्थ रस पद का प्रयोग है। बचन के बहुत्व होने पर तथा रस के अल्पत्व में रस

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

का अभाव हो जाता है । इसी लिये नयन-भ्रुवादिओं से भी हास्यरस की उत्पत्ति होती है । और भी कहते हैं—रसिकसिद्धान्त में शृङ्गार ही रस है, वीरादि उसके पोषक रूप होते हैं । जैसा कि महाराज के समस्त उपकरण सुवर्णमय होता है । अन्यों का तुच्छ रूप के कारण धातु रूप नहीं माना जाता है । रस पद से शृङ्गार रस ही माना जावेगा तथा वीरादि उस के पोषकरूप माने जावेंगे । नहीं तो इस शृङ्गाररस में रसान्तर का समावेश व उल्लेख रसाभास जनकत्व हो जावेगा । रति स्थायि में वीरादि रस विमर्द्दित हो जाते हैं । गीतगोविन्द में जयदेवचरण ने इसी आशय को लेकर "केशिमथनमुदारं" "मधुसूदनमुदितमनोजम्" इत्यादि वीररसव्यञ्जक शब्दों का प्रयोग किया है । वहाँ "रतिरण" शब्द का प्रयोग भी है । अथवा- गोपियों के द्वारा कृत जो नर्मरस वह अर्णवरूप जिस के । जब कि श्रीकृष्ण तथा गोपियाँ परस्पर में नर्म्मवचन कहती हैं उस समय श्रीकृष्ण नर्म परिहास से उन को जीतने में असमर्थ हो जाते हैं । यह रसिकपरिपाटी है, इस में कोई दोष नहीं है । स्वजन की अपेक्षा से रस भी महान् हो जाता है । पहले तो गोपियों ने श्रीकृष्ण में वृन्दावनचन्द्रत्व का आरोपण किया था अब परिहासरस के अर्णवत्व रूप में निरूपण किया जा रहा है अतः इस से रस की प्रतिक्षण वृद्धि सूचित हो रही है । अथवा—उस विषय में अर्णवरूप ऐसा अर्थ है ।

पूर्वोक्त अर्थ से इस का वैपरीत्य जानना । अथवा-जिस समय "मैं सन्ध्या में आऊँगा" ऐसा कह कर नहीं आये, अतः प्रातःकाल में आने लगे उस समय राधिका मानिनी हो गईं, वे नर्म बचनों से उस प्रकार करने लगे, उस रस में निमग्ना होकर पूर्वदुःख तथा मानादि भूल कर "अन्य किसी रमणी में अनुरक्त हो सकते हैं" इस प्रकार स्मरण कर कहने लगीं ।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

इस नर्मरस में अर्णवित्व का निरूपण है उन की प्रकटित दन्तावली मणि रूप से अभिप्रेत है । इस प्रकार तापापगमार्थ हास्ययुत रमण कर्त्ता का निरूपण किया गया है । इस के बाद असञ्जात कामपूर्त्ति वाले श्रीकृष्ण उस प्रकार की राधा को हाथ में धारण कर विशेष क्रीड़ा के लिये यमुनातीरस्थ निकुञ्ज में लाये । वहाँ उन के साथ क्रीड़ा की इस का स्मरण कर कहने लगीं—यमुनोपवनश्रेणीविहारी इस पद से । यमुना सम्बन्धि उपवनों की श्रेणियों में विहारी अर्थात् क्रीड़ाकारक ऐसा अर्थ है । जल-स्थल भेद से क्रीड़ा दो प्रकार हैं । पहले केवल स्थल-सम्बन्धिनी लीला कही गई है । अब दोनों प्रकार की लीला कही जा रही हैं । अतः यमुना में तथा उस के उपवनों में यह लीला-समूह सूचित हो रहा है । प्रतिवृक्ष में रमण ज्ञापनार्थ श्रेणी पद दिया गया है । विहार शब्द का तात्पर्य्य यथेच्छ मर्य्यादारहित लीला है । अतः चलते, ठहरते, सोते, बैठते लीला का सुचित है । अथवा—यमुना के समीप जो वन है उस में जो गोपियों की श्रेणियाँ हैं उन में विहारी । अथवा—पूर्व कथित वेः अर्थात् काल के हर्त्ता । भगवत्संग में वे सम्पूर्ण रात्रियाँ अर्द्धक्षण की भाँति व्यतीत होती हैं, पुनः संगाभाव से युग की भाँति प्रतीत होने लगती हैं । वस्तुतः वे रात्रियाँ महान् हैं भगवत्संग में उन का अल्पत्व हो जाता है । भगवान् उन की महानता को दूर कर देते हैं, उन की बुद्धि ऐसी हो जाती है । अच्छा ? इस प्रकार स्वच्छन्दलीला करने में ब्रजस्थ जन क्यों नहीं जानते ? तो कहते हैं—समस्त ब्रज में हो श्रीकृष्ण नागर हैं, चतुर शिरोमणि हैं । इस प्रकार स्वच्छन्द लीलाऐं करते हैं कि जिन का कोई लक्ष नहीं करने पाता है । जानने पर उस प्रकार रस नहीं होता है । भागवत में "नासूयन्खलु कृष्णाय" इस श्लोक में निरूपण किया गया है । इस से दिवस में भी उन के साथ श्री-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कृष्ण क्रीड़ा करते हैं, अतः उन के परमभाग्यवर्तित्व सूचित होता है। अथवा—ब्रजपद से ब्रजस्थ गोपियाँ कही जाती हैं। उन के साथ कामलीला में बन्धादिओं से अतिचतुर अन्यत्र मुग्ध ऐसा अर्थ है। अथवा—पूर्व की भाँति अन्य किसी के साथ यमुनोपवन के प्रतिवृक्ष में विहार करते हुए जब श्रीकृष्ण ब्रज से दूर देश में चले जावेंगे तो वर्त्तमान की भाँति किस प्रकार उन की प्राप्ति हो सकती इस भाव को लेकर कहती हैं—"ब्रजनागर" इस पद से। ब्रजनगर सम्बन्धि ही वे श्रीकृष्ण। अतः वे अन्यत्र नहीं जावेंगे ऐसा भावार्थ ॥२२॥

तब तो वे मिलेंगे, क्यों इस प्रकार दुःखी हो रही हो इस पर कहती हैं—"गोपाङ्गनाजनासक्तो" इस पद से। गोपसम्बन्धिनी जो दास्य परायण अङ्गना-जन हैं उन में आसक्त है। ऐसा अर्थ है। उन का त्याग कर कैसे मेरे निकट आवेंगे यह भाव है। यदि कहो कि "तुम भी गोपाङ्गना हो, उन के समान हो, वरं उन से अधिक दास्यता रखती हो, वे केवल उन में आसक्त हैं आप में क्यों नहीं" सुनो इस प्रकार शंका जन इस पद से निवारित हो रही है। वे सब दासीभाव प्राप्त निरभिमानिनी हैं, इसी लिये वे उन में आसक्त हैं। परन्तु मेरे नायिका-रस मद से मान उत्पन्न के कारण उस प्रकार नहीं है। "अच्छा! वर्त्तमान में आप भी ऐसी हो, वे शीघ्र ही आवेंगे, दुःख मत कीजिये"। इसका भी समाधान (शका परिहार) होता है। वे गोपियाँ बहुत हैं, रस की आधिक्यता से पुरुषभाव प्राप्त हुई हैं। "रसाधिक्य से स्त्री पुंभाव प्राप्त होती है" ऐसा वात्स्यायन का कहना है। अतः यदि कभी श्रीकृष्ण आवेंगे तो वे उन्हें जाने नहीं देंगीं। श्रीकृष्ण भी वशवर्त्ती होकर उन का अतिक्रमण कर नहीं जावेंगे ऐसा जन पद प्रयोग का भावार्थ है। आसक्तजन स्वयं त्याग कर चले जाने में असमर्थ होता है। उन के साथ आगमन पक्ष में

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पूर्वोक्त दूषण आ जाता है । वे अपने पत्यादि का परित्याग कर दासीभाव प्राप्त हुई हैं । इस का कारण आसक्ति है, उस का ज्ञापनार्थ गोपसम्बन्ध होना बतलाया गया है । सर्वथा अनासक्ति में महान् कष्ट है । "कहीं पर वे यदि आसक्त हैं तो कभी मुझ में भी आसक्त होंगे" इस प्रकार आशालता अवलम्बन-कारी आसक्ति-कदम्ब का निरूपण किया जाता है । इस प्रकार राधिका के कहे जाने पर पुनः "वे जिस प्रकार क्यों न हों मैं किसी प्रकार से उनको बुला कर लाती हूँ तुम कहो वे कहाँ हैं ।" इस प्रकार सखी से कहे जाने पर उस का निर्देश देती हुई श्रीराधिका कहने लगीं—"वृन्दारण्यपुरन्दरः" इस पद से ।

वे वृन्दावन के पुरन्दर अर्थात् इन्द्र हैं । इन्द्र ही स्वामी होता है । उस की सर्वत्र प्रसिद्धि है । मैं इस पर क्या कह सकती हूँ, बृन्दावन जाकर तुम जान सकती हो ऐसा भाव है । वृन्दावन शब्द से स्थल का निर्देश है । इस प्रकार निर्देश उस का चतुराई से है । जिस प्रकार इन्द्र त्रिलोक के स्वामी है, देवलोक तथा अपने लोक में भी उस का आधिपत्य है, वहाँ की अङ्गनाओं के द्वारा सेवित होकर विराजमान रहता है उसी प्रकार श्रीकृष्ण कोटिब्रह्माण्डाधिपति होकर भी गोकुल में, उस पर वृन्दावन में, उस पर स्त्री-प्रधान अपने लोक में गोपियों के साथ क्रीड़ा करते हैं ऐसा हृद्गत भाव है । देवलोक में दुःख नहीं है, उस में फिर इन्द्र का अधिष्ठान स्थल पर । अतः मेरा दुःख अनुचित है यहाँ दर्शनादि प्रदान से दुःख को दूर करेंगे ऐसा भाव है । यदि कहो कि आप का इस सिद्धान्त से "दुःखाभाव" व्यक्त होता है तो सुन, सत्य कहती हो, वह तो लौकिक-वैदिक व्यवस्था है । अर्थात् लोक व वेद में इस प्रकार की व्यवस्था की जाती है । स्वर्ग में पुण्योपार्जित-शरीर की स्थिति है । इसी लिये वहाँ सुख की उपलब्धि है दुःख की नहीं ।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

उस का साधन पापोपार्जन का अभाव होना चाहिये । परन्तु यहाँ पर "क्षीण पाप-वाले नरों की श्रीकृष्ण में भक्ति उत्पन्न होती है" इस वचन से पापमात्र के अभाव से भगवद्भक्तिलाभा होता है। यह हमारा दुःख पापकृत नहीं है। पापजनक दुःख-साधन में "उपाधि" मानी जाती है । इस प्रकार सुख भी उपाधि युक्त है । परन्तु इस अलौकिकतार प्रमेयमार्ग में "सुख-दुःख" श्रीकृष्ण के संगम व विरह से होता है। दशमस्कन्ध में "अन्तर्गृहगता" इस प्रस्ताव में श्रीकृष्ण के संगम व विरहजात "सुख-दुःख" कर्म्म-जन्यत्व नहीं है ऐसा निरूपण किया गया है। भागवत के "आसामहो चरणरेणु-जुषाम्" "स्वजनमार्यपथ च हित्वा" इन पदों से विशेष निरूपित हुआ है। इसी लिये गुल्म-लतादि जन्म-प्रार्थना की गई है।

अच्छा ! इस प्रकार अनुसन्धान में उस महान विरह में प्राण-स्थिति किस प्रकार होगी तो कहती हैं—"आभीरनागरीप्राण-नायकः" इस पद से—

आभीर सम्बन्धि जो गोकुलनगर है तत् सम्बन्धिनी अतिचतुर जो रमणियाँ है उन के प्राणों के नायक (रक्षक) हैं । यह मेरी प्राणस्थिति उन की इच्छा से है, परन्तु मेरे प्रयत्न से नहीं। समस्त गोकुलवासियों के वे तो राजा के समान नियामक हैं परन्तु हमारे प्राणों के नियामक हैं, इस से अपने उत्कर्ष अन्तरङ्गत्व सूचित होता है। अथवा वह रोष-दैन्यता से कहती हैं—"आभीरनागरीप्राण-नायकः" । इस से जो प्राणहर्त्ता है वह किस प्रकार प्राणस्थिति-साधन रूप संग कर सकता है यह भाव सूचित है इसी लिये नाग-रीत्व का कथन है। लोक में चतुरव्यक्ति के द्वारा रक्षित वस्तु नहीं दीखने में मिलती है । यहाँ उन नागरियों को तथा उन के अन्तः-स्थित प्राणों को भी ले लेना यह श्रीकृष्ण में चतुरता सूचित होती है । अत एव श्रीभागवत में "शरदुदाशये साधुजात" इस की

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

व्याख्या में-दुर्गस्थित जन कठिन हैं, उन में फिर जलदुर्गस्थ चोर कठिन (निपुण) हैं, उन में उत्तम प्रभंत्र वाले जन निपुण हैं, उन में फिर शीतादि उपद्रव रहित प्रकाशशील समय में स्थित जन परम निपुण हैं। इस प्रकार देश-काल-स्वरूपादियों से अशक्य चौर्य्य पुरुष की स्थिति है। तदुदरवर्त्ति सर्वस्व लेने वाले उन को हम सब साधारणगोपियों के प्राणहरण में क्या आश्चर्य्यता है ? अतः "शरत्कालीन जलाशय में साधु जात सत्सरसिज के उदर श्रीहारी नेत्र से" ऐसा व्रजगोपियों ने कहा है । अथवा—तुम ही उस वन में रहती हो, तुम में उस प्रकार क्यों नहीं होगा इस लिये कहती हैं—आभीरसम्बन्धिनी जो चतुरा हैं उन के ही प्राणरक्षक हैं, परन्तु मेरे समान अचतुर रमणियों के नहीं। वे क्यों मेरी प्राण-बाधा में आवेंगे। यहाँ राधिका स्वयं चतुरा होकर भी दुःख से दीन की भाँति इस प्रकार कह रही हैं। किम्बा पूर्वकथित प्राण भी वह हैं उस के नायक भी हैं ऐसा कर्म्मधारय समास सिद्ध है । अथवा—पूर्वकथित नाम निरूपण के द्वारा-वहाँ का पूर्वसंगम स्मरण से अत्यन्त प्राणबाधा उपस्थिति में शीघ्र आकर पालन करो, तुम ही मेरे प्राणरक्षक, अन्य कोई नहीं इस अभिप्राय से वह नाम कहा गया है । इस प्रकार अत्यन्त पीडा कहे जाने पर भी काम के द्वारा क्रम से अन्तिमावस्था शीघ्र ही होगी जिस से दुःख-निवृत्ति हो सकती, श्रीकृष्ण उसे नहीं करने देते हैं न मिलते हैं अतः यह रीति काम से भी लोकोत्तर है, तो कहती हैं—"काम-शेखर" इस पद से—काम के भी शेखरभूत हैं।

अलौकिक उनकी रीति ऐसा अर्थ है। अथवा—अच्छा ? आप सब अनङ्ग-सेना रूप हैं, आप सब की प्राणरक्षा तब तक अनङ्ग ही करेगा, तो उत्तर में कहती हैं-कामशेखर। काम के भी शेखर अर्थात् अत्यन्त उच्चस्थ नियामक हैं । अतः श्रीकृष्ण के द्वारा मैं

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

परिगृहीता हूँ परन्तु वशगा नहीं। अथवा—समस्त लोगों के शेखर-भूत काम है, वह सब की चक्षुराग (नयनप्रीति) से ले कर मरणान्त दशा को प्राप्त कराता है। श्रीकृष्ण उस के भी शेखर अर्थात् उस में भी उन दशाओं को प्राप्त कराते हैं। अथवा—प्रथमासक्तिकारण-भूत नाम को कहती हैं– कामशेखर। कोटिकन्दर्पलावण्य ऐसा अर्थ है। उस प्रकार सौन्दर्य्य से वशीकृत मनवाली मैं क्या करूँगी यह भावार्थ है। अथवा—काम कामना है जिस को मनोरथ कहते हैं, उस के शेखर अर्थात् अत्यन्त दूरस्थित, अविषय यह भावार्थ है। मनोरथ में असम्भावित वस्तु भासमान होती है, श्रीकृष्ण के सौन्दर्य्यनिन्दादिक मनोरथ के विषय नहीं हैं क्यों कि वे अति अलौकिक हैं। भागवत में कहा है—"मनोरथान्तं ययुः" अर्थात् मनोरथ के अन्त प्राप्त हुई। यहाँ बहुव्रीहि समास है। अथवा—काम तृतीयपुरुषार्थ है। जो काम क्रीड़ा रूप माना जाता है, उस में शेखर अर्थात् अतिविदग्ध हैं ॥२३॥

इस प्रकार स्थलक्रीड़ा का कह कर जलक्रीड़ा-स्मरण में जब कभी गृहकृत्य से अन्य कारण से वा भगवत्समीप में गमन नहीं हुआ उस समय-स्नानादि छल से, अथवा पर पार जाऊँगी इस छल से, सखाओं के साथ यमुनातीर में प्रिय वे नाविक बन कर पार करावेंगे, इस बहाने से उन का दर्शन-आश्लेषादि का लाभ होगा, मेरा विरह ताप दूर हो जावेगा इस प्रकार मनोरथ करती कहने लगीं—यमुनानाविक इत्यादि। नौका उपजीवी नाविक कहा जाता है। इस से गोपियों की भाँति श्रीकृष्ण की भी विरहावस्था सूचित होती है। यहाँ किसी घाटविशेष का उल्लेख नहीं किन्तु सामान्य-तया यमुना का उल्लेख है। उस से एकान्त स्थल में सकेत कर यमुना मात्र में विनोद के लिये वे नाविक बन रहे हैं ऐसा सूचित होता है। अथवा—पूर्वनामोक्त लीला स्मरण से जब अत्यन्त पीड़ा

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

हुई, तब किस प्रकार से इस दुःखसागर से पार हूँगी इस प्रकार चिन्ता कर उस की साधनीभूत नौका है अतः पूर्वानुभूत नौकासुख का स्मरण कर "तुम ही पार ले सकते हो अन्य कोई नहीं" इस अभिप्राय से नाविकत्व रूप में निरूपण करने लगीं।

पहले अकेली उनके साथ श्रीकृष्ण ने क्रीड़ा की थी ऐसा जान कर समस्त गोपियाँ उपस्थित हुईं श्रीकृष्ण ने उन सब के साथ भी लीला की, इस का स्मरण कर अब कह रही हैं—"गोपीपारावार-कृतोद्यमः" इस नाम से। गोपी-सम्बन्धी जो पर पार एवं इस पार है उस विषय में किया है उद्यम जिन्होंने ऐसा अर्थ है। इस का रहस्य यह है कि—पहले जो समस्त गोपियाँ आई थीं उन में पहले आई हुई कुछ गोपियाँ श्रीकृष्ण के साथ गोपी सम्पर्क नहीं जानती थीं। "वे सब नहीं जानें" इस विचार से श्रीकृष्ण उन के हृदय जान कर पहले उन सब को पार के लिये उद्यममात्र हुए। बाद में यमुना-मध्य में लेकर उन को लीला-वश स्वकीय करा कर उन के साथ विलास किया। अतः उद्यममात्र का प्रयोग किया गया परन्तु पार कराने की बात नहीं। प्रयत्न का आरम्भ उद्यम है। उससे जो नाव पर नहीं चढ़ सकी उन को श्रीकृष्ण स्वयं गोद में उठा कर चढ़ाने लगे यह सूचित होता है। इसी लीला में ही उन का प्रयत्न था अन्य विषय में नहीं। अथवा—कुछ गोपियों के पर पार में अथच कुछ गोपियों के इस पार में संकेत-स्थल था। गोपी-सम्बन्धि जो पारावार है उस विषय में जिन्होंने गमन किया है। इस प्रकार कष्टसाध्य पारगमन-उद्यम निरूपण के द्वारा इन के लिये श्रीकृष्ण अशक्य कार्य्य करते हैं यह सूचित हो रहा है। इस प्रकार श्रीकृष्ण वर्त्तमान में क्यों नहीं आते हैं यह सोपालम्भ दैन्य-वचन है। अथवा—गोपीरूप जो पारावार है उस के लिये अवतरणादि करने वाले। जैसा कि कहा है—"व्रजवासियों के पाप-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

नाशार्थ तुम्हारी अभिव्यक्ति है" "आप ब्रजजनों की आर्त्ति हरण के लिये प्रकट हुए हैं" इत्यादि। यहाँ रसांश में समुद्रत्व है। इस प्रकार समस्त गोपियों में श्रीकृष्ण का इष्टकर्त्तृत्व निरूपण कर उन में से अपने में अत्यन्त अनुराग-व्यक्त कर कहने लगीं—राधा-वरुन्धनरतः इस पद से। राधिका में जो रोध है उस में रत ऐसा अर्थ है। वर्त्तमान में केवल लीलाभिनिविष्ट के कारण अपने अनु-सन्धान रहित हो कर अन्य गोपिकाओं की भाँति अपना नाम कहने लगीं, नहीं तो "मदवरुन्धन" ऐसा कहतीं। यह वचन तब है कि जब कि श्रीकृष्ण से मिलने के लिये दिन में उन के लिये गुप्तस्थल पर पक्वान्न, शिखरिणी, श्रीखड, शक्कर, सुश्रुत, दुग्ध, ताम्बूल, चन्दन, मालादि लेकर गोरस विक्रय छल से वन में उन के निकट कुछ सखियों के साथ आई थीं।

उस समय सखाओं के साथ प्राणवल्लभ ने उन के अनजान रूप में दानछल से सब का नाम लेकर आह्वान किया। तदनन्तर औरों से किञ्चित् अपने अभिलषित प्राप्त कर तथा उन को प्रस्थापित कर "जिस से अधिक लेंगे उस को अधिक देंगे तो उसे छोड़ देंगे देखाओ तुम्हारे पास क्या क्या वस्तु हैं" इस प्रकार जब बोलते हैं तो वह "मैं न कुछ दूँगी न कुछ दिखाऊँगी" ऐसा कह कर प्रिय के वदन कमल को देखने लगी, इस का स्मरण कर बोलने लगीं—यहाँ रतत्व तदेक पर है। इस लिये ही वे वहाँ ठहरते हैं ऐसा भावार्थ है। उस के बाद "मैं एकान्त में इसे ज्ञात करूँ जिस से वह कुछ देगी तब तक तुम सब गौ चराओ" इस प्रकार सखाओं से कह कर उस गोपी को निविड़ कदम्ब वाटिका में ले कर उस के साथ उन सब वस्तु का भोग कर यथेच्छरूप से वहाँ रमण करते हैं उस का स्मरण कर कहने लगीं-"कदम्बवनमन्दिरः" इस पद से। कदम्बवन ही मन्दिर जिस का वे। बहुसंस्कार से संस्कृत नानाविध चित्रवाला

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मन्दिर कहा जाता है। यहाँ प्रातःकाल में सखियों के द्वारा प्रेषित विविध पुष्प-दल-मालाओं से तल्प-आसन-वितान-द्वारतोरण-भूमिकादि विरचित हुए हैं ऐसा सूचित होता है ॥२४॥

उस के बाद दूतियों के द्वारा यहाँ श्रीकृष्ण हैं जान कर जिस किसी छल से वे सब समागत हुईं, उन के साथ श्रीकृष्ण क्रीड़ा करने लगे इस का स्मरण कर क्रम से कहने लगीं—"ब्रजयोषित्सदा-हृद्यो" इत्यादि पद से। ब्रजयोषित् यह सामान्योक्ति है अतः समस्त ब्रजयोषित् समागत हुईं यह जानना। ब्रजयोषितों के निरन्तर हृदय सम्बन्धी हैं, वहाँ रह कर निरन्तर उन के साथ रमण करने वाले ऐसा जानना। अथवा—उन ब्रजयोषितों के सर्वदा प्रिय ऐसा अर्थ है। अतः भोग के बाद उस प्रकार की आर्त्ति है अथवा नहीं यह शङ्का परिहृत हुई। अथवा ये सब ब्रजयोषिद् सर्वदा हृद्या जिन-की। उस से परस्पर में कभी वियोग नहीं है यह सूचित होता है। हृदय सम्बन्धि व्याख्या में बहुव्रीहि समास जानना। उस से विप-रीत कहा गया है कि जिस से महासुरतरस द्योतित होता है। वहाँ कभी कौतुक के लिये उन की व अपनी इच्छा से उन के नोव्यादि को पहन कर उन का वेष स्वयं धारण करते हैं इस का ज्ञात कराने के लिये ब्रजयोषिद् यह पद कह कर बीच में सदा शब्द का प्रयोग करने लगीं। नहीं तो पहले सदा शब्द का प्रयोग होता। यह वेष अत्यन्त गोपनीय रूप से निरूपित है। इस प्रकार श्रीकृष्ण तथा गोपियों का आन्तर भाव कह कर सर्वदा वह रमण में हेतु है दिखावा कर बाह्यभाव को कहती हैं—

"गोपीलोचनतारकः" इस पद से। समस्त गोपियों के जो लोचन समूह हैं उन के तारकास्वरूप हैं ऐसा अर्थ है। जैसा कि गोलक के रहते हुए भी उसका तारका से यदि आच्छादन रहता है तो नहीं दीखता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण के असन्निधान में उन का

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

निज अवलोकन नहीं है। यह उपलक्षण मात्र है। समस्त इन्द्रिय-विषयों में भी ऐसा है जानना। अथवा—गोपियाँ लोचनतारका जिन की। अथवा—गोपीलोचनों के तारक अर्थात् उद्धारक। विरह में नयनों का जल समुद्र में निमज्ज हो जाता है, वह भगवत्सम्बन्ध से है। तत्सम्बन्ध राहित्य से तत्पार चला जाता है। नहीं कोइ डूबता हुआ अन्य को देख स्वयं उद्धृत होता है। क्षणकाल विलम्ब से वह डूब जाता है। अतः मेरी उपेक्षा उचित नहीं है यह भावार्थ हैं। अथवा—पहले स्वरूप निरूपण में-आनन को इन्दुत्व रूप कहा गया, उस का तारा के साथ नियमन है, अतः इन्दु की ये सब तारकारूप हैं इस आशय से कहती हैं, गोपीलोचन-समूह तारका जिन के। इस से सर्वदा दर्शन की सूचना होती है। अच्छा ? यदि ऐसा ही है तो आप कैसी ठहरती हो श्रीकृष्ण वा कैसे ठहरते हैं इस प्रकार आशंका से कहती हैं—

"जीवनानन्दरसिकः" इस पद से। जीवन रूप आनन्द जिस का, वह भी, रसिक भी, इस प्रकार कर्म्मधारय समास सिद्ध से। अथवा उस प्रकार आनन्द में रसिक अर्थात् रसज्ञ। भगवद्सम्बन्धी आनन्द जीवन रूप का कारण है। जो पूर्वदत्त अथवा अन्तःस्थित है, वह मेरा जीवन-मात्र है परन्तु सुख रूप अथवा दुःखाभाव रूप नहीं है। संगाभाव बलिष्ठ होता है। गीतगोविन्द में "केवल तुम्हारी रतिकला से जीती है" ऐसा कहा है। विरह से संतप्तमाना अथवा प्रियदौर्लभ्यता से अति आतुरा रमणी का प्रिय-संगम में महान् रस होता है परन्तु सब समय प्रिय के रहने पर नहीं, उस महान् रस विशेष के लिये रसिक रूप से श्रीकृष्ण की स्थिति है। उभयस्थिति में दोनों हेतु कहे जाते हैं। यद्यपि भगवत्संगम सार्वदिक् है तो भी भगवान् रसमार्ग में रह कर रसमार्गमर्य्यादा का स्थापन करते हैं। वह रसमार्गमर्य्यादा विरहादि से पराकाष्ठा स्वरूप बन जाती है।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अथवा स्थलक्रीड़ा कह कर जलक्रीड़ा को बाद में कहती हैं—जीवनानन्दरसिक इस पद से । जीवन जल है, तत्सम्बन्धी जो आनन्द अर्थात् जलक्रीड़ा रूप है उस में रसिक ऐसा अर्थ है। अथवा जल से आनन्द जिन का वे मत्स्य हैं तद् वद् रसिक अर्थात् रसज्ञ हैं। मत्स्य जिस प्रकार जल के विना क्षण काल नहीं ठहरते हैं ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण इस रस के विना नहीं ठहरते हैं । अतः वे आवेंगे इस आशा से मैं यहाँ ठहरती हूँ यह भावार्थ है। इस प्रकार क्रीड़ा का वर्णन कर उस के बाद श्रीकृष्ण ने बैठ कर व ठहर कर जो लीला की उस का स्मरण कर कहने लगीं—पूर्णानन्दकुतूहल इस पद से । स्थल-जलक्रीड़ादि से पूर्णानन्द जिन गोपियों में है उन में कुतूहल अर्थात् क्रीड़ाविशेष जिन का वह। इन दोनों क्रीड़ा के बाद श्रीकृष्ण ने पुष्पनिर्म्मित कन्दुकाकार को गोपियों में फेंका, वे भी श्रीकृष्ण में फेंकने लगीं, उस से हास्य के साथ महान् आनन्द उत्पन्न हुआ । उस का स्मरण कर कहने लगीं। अथवा अवज्ञा-पूर्वक सोपहास लीला को कुतूहल कहा जाता है । पूर्णानन्द है कुतूहल में जिस का ऐसा अर्थ है । अथवा—पूर्ण आनन्द इन में यहाँ पूर्णानन्द पद से ज्ञानयुक्त ज्ञानी कहे जाते हैं, वे सब कुतूहल उपहास में जिन के। "वे सब ज्ञानी क्यों इस प्रकार नेत्र मूँदते हैं, क्यों वा शून्य का ध्यान करते हैं" इत्यादि गोपियों के साथ श्री-कृष्ण उन का उपहास करते हैं ॥२५॥

इस प्रकार सर्वाधिक रसदातृत्व का निरूपण कर क्रीड़ा के बाद उपविष्ट श्रीकृष्ण का स्मरण कर कहने लगीं—गोपिकाकुच-कस्तूरीपङ्किल इत्यादि पदों से।

गोपिकाओं की कुचसम्बन्धिनी कस्तूरी से पङ्किल ऐसा अर्थ है । कस्तूरी का पङ्कत्व महासौरत उत्थित श्रमजल कणों से जानना। श्रीकृष्ण में भी श्रम का सूचित होता है। श्रमजलकणों से

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

व्याप्तांग श्रीकृष्ण जब गोपियों के निकट उपविष्ट हुए तब उन के अनिर्वचनीय सौन्दर्य्य का अनुभव कर कहने लगीं—अथवा सन्ध्या-समय आऊँगा ऐसा कह कर अन्यत्र रात्रि बिता कर प्रातःकाल आकर किसी व्यज से रात्रिरमण गोपन करने वाले श्रीकृष्ण का चिन्हित वक्षःस्थल देख कर अन्य गोपी के साथ विहार का निश्चय कर उस के स्मरण से ऐसा कहने लगीं। अथवा गोपियों के स्तन कस्तूरीपङ्किल जिन से। पहले कस्तूरी-पत्र आर्द्ररहित था, श्रीकृष्ण के द्वारा रमण किये जाने पर श्रमजात जलकणों से भीग गया। अतः आलिङ्गन आदि से वे पङ्किल हो गये। अथवा श्री-कृष्ण सर्वांग से पङ्किल हुए। उस से असंख्य गोपिकाओं के साथ श्रीकृष्ण का रमण सूचित होता है। इस प्रकार बहुरमण से भी वे एक रस हैं इस का विचार कर कहती हैं—केलिलालस इस पद से। केलियो में अर्थात् कामक्रीडाओं मे लालस अर्थात् इच्छापूर्त्ति-शून्य। जो जिस में लालसायुक्त है वह उस के लिये यथा कथञ्चित् साधन करता है।

श्रीकृष्ण क्रीड़ांश में सर्वदा प्रयत्नशील हैं अतः वे रसदायक सूचित होते हैं। "व्रजयोषित्सदाहृद्यः" इस नाम से व्रजगोपिकाओं का सावकालिन भाव व्यक्त है। अतः रसाभाव की शंका नहीं है। कदाचित् बहुरमण के बाद अपने को मानिनी हो जाने पर बहु चाटुबचनों से मना कर पुनः बहुधा रमण करने लगे उस का स्मरण कर कहने लगीं। अथवा—बहु प्रकार से रमण करने पर भी प्रियस्वरूप का दर्शन कर पहले से अधिक लालसा उत्पन्न हुई अतः अपने अनुभव का स्मरण कर कहने लगीं केलिओं में लालसा जिन से वे। अच्छा ? शका के रहने पर रस की उत्पत्ति नहीं है। यहाँ स्वच्छन्द रमण मे यदि कोई आ जाता है अथवा जान लेता है तो क्या होगा ? इस प्रकार विचार कर कहती हैं—"अलक्षित-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कुटीरस्थः" इस पद से। कहीं किसी प्रकार से कोई नहीं देख सकता है कुटीरों को अर्थात् लतागृहों को, उन लतागृह में रहने वाले। अतः कुछ समय न देख कर ढूढ़ते हुए यदि आते हैं तो नहीं जान पावेंगे, उस से रसभंग कभी नहीं होगा। वस्तुतः उन की निकटस्थबुद्धि निरन्तर रहती है, अतः अनुपपन्न कुछ नहीं है। रास-पञ्चाध्यायी में कहा है—"अपने अपने निकट अपनी अपनी पत्नि मौजूद हैं इस प्रकार मानकर" इत्यादि। अथवा—"जहाँ चारों ओर लतागृह हैं तथा बीच में उपवेशन स्थल है, वहाँ आप सब आईये मैं भी आऊँगा" ऐसा कह कर पहले वहाँ जाकर एक गृह में गुप्त रूप से ठहरने लगे। गोपियाँ न जानती हुई वहाँ आईं एवं परस्पर में रहःकथा कहने लगीं कि श्रीकृष्ण जब मिलेंगे उस समय मैं ऐसा करूँगी। सब श्रीकृष्ण के आगमन का निर्द्धार कर उत्सा-हित होकर तथा मर्य्यादात्यागन कर ठहरने लगीं। कुछ समय के बाद में श्रीकृष्ण लीलापूर्वक असाधारण सीत्कार करने लगे। उस से उस समय वे सब चकितनयना तूष्णी हो गयीं और कहीं प्राणनाथ हैं देखो इस प्रकार से धीरे धीरे बोलने लगीं, बीच में अकस्मात् श्रीकृष्ण कुञ्ज से बाहर आ गये। उस समय लज्जा-युक्त हास्य पूर्वक भगवदवलोकन जनित भाव विशेष उदय हुआ। नाथ के समागत में मैं ऐसा करूँगी तुम ऐसा करोगे ऐसा कह कर आश्लेषादि करने वाली उन में जो महत्सुख का अनुभव हुआ उस का स्मरण कर कहने लगीं। अलक्षित वह पुनः कुटीरस्थ इति। अथवा—जब कभी स्वयं निकुञ्ज में तल्पादि रचना कर ठहरी हुई थी उस समय पीछे आकर मिलने वाली किसी गोपी के प्रति अव-धानता से श्रीकृष्ण कहने लगे। तुम पुलिन में जाओ, मैं वहाँ आऊँगा, अन्यत्र मत जाना। यह सुन कर उस ने कहा— मैं ने तल्पादि का निर्म्माण किया है, जब तक वह समस्त न करने पाती

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

तब तक कृपा करके श्रीकृष्ण आय जावेंगे इस प्रकार काकुस्वर से बोलने लगी तब श्रीकृष्ण चकित रूप में वहाँ आकर धीरे से चाटु-कार करने लगे। उस ने "वहाँ हो आओ, मेरे मन में कोई विषाद नहीं है, कौतुकार्थ मैंने ऐसा कहा है" इस प्रकार कहा, श्रीकृष्ण बलात् आश्लेषादि से उस को वश में कर वहाँ ही नाना प्रकार विलास करने लगे इस प्रकार पूर्वानुभूत का स्मरण कर कहने लगीं—नहीं लक्षिता हुई कुटीरस्था जिन से वे। उस समय अपनी निर्बन्ध से मेरे लिये तुमने वैसा किया अब मेरे निर्बन्ध से ऐसा करो यह भाव सूचित होता है। अच्छा ! वे प्रिय बहु स्त्री वल्लभ हैं, निरन्तर क्रीड़ा करते रहते हैं। आप के लिये कभी आवेंगे, तब तक धीरज रखिये, इस प्रकार बोलने वाली सखी के प्रति कहने लगी—राधासर्वस्वसम्पुटः इस पद से। अथवा अलक्षित कुटीर राधा का ही है, श्रीकृष्ण के उस रूप में हेतु को कहने लगीं—राधा इत्यादि पद से। राधा का जो सर्वस्व है उस का सम्पुट अर्थात् समुदित राधा के सर्वस्वरूप हैं। अथवा—जिस प्रकार कृपण जन सर्वस्व अपने जो कुछ सुवर्णादिक है उसे सम्पुट में रख कर उसे प्राणों से भी अन्तरंग बना कर निरन्तर रक्षा करता है, क्षण-भर के लिये न देखने पर व्याकुल हो जाता है उस प्रकार राधा का जो सर्वस्व अर्थात् प्राण-इन्द्रिय-अन्तःकरण-शरीर-धन-यौवन-सौन्दर्य्यादिक है वह समस्त श्रीकृष्ण में अर्पित हुआ है यह वाक्यार्थ है। इस प्रकार की धीरा आप कैसे नहीं देख सकती। अतः कुटीर का अलक्षितत्व कहा गया है। यहाँ पूर्व की भाँति अपने नाम का ग्रहण है। सम्पुट पद से राधिका ही जानती है अन्य कोई नहीं यह सूचित होता है। अथवा राधा ही सर्वस्वसम्पुट रूपा जिन की ॥२६॥

इस प्रकार निजरमण कह कर "कृत्वा तावन्तमात्मानं" अर्थात् "अपने को उस परिमाण से प्रकटित कर" इत्यादि प्रकार से वहाँ

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

क्रीड़ा कर उपवेशन स्थान में सब के साथ उपस्थित हुए उस का क्रम से स्मरणकर कहने लगीं—"वल्लवीवदनाम्भोजमधुमत्तमधुव्रतः" इस पद से। वल्लवीओं के जो वदन कमल तत् सम्बन्धि जो मधु अर्थात् लावण्यामृतरस तथा अधरामृत उन से मत्त अर्थात् सर्वविस्मृत भ्रमर ऐसा अर्थ है। मत्तमधुव्रतत्व उक्ति से उन के निकट उपवेशन कर उन के साथ गान करते हैं यह सूचित होता है। भ्रमर भी मत्त होकर झंकारगान करता है। वदनों का अम्भोजत्व निरूपण से उन का वह योग्यत्व सूचित होता है। भ्रमर का मधुपान ही व्रत है अन्य कुछ नहीं, वह मत्त होकर अन्य कुछ नहीं गीनता है। श्रीकृष्ण के लावण्य-अधरामृतादि मधु रूप से निरूपण है वह गोपी भोग परक है।

इस रस में लक्ष्म्यादि गीन नहीं जाती हैं। अतः इस से मर्य्यादा का अतिक्रम होता है। अच्छा ? यदि आप इस प्रकार की प्रिया हो तो आप को छोड़ कर वर्त्तमान अन्यत्र कैसे विद्यमान हैं इस प्रकार की शंका परिहृत होती है। भ्रमर की एक स्थान में स्थिति नहीं है। परन्तु मेरी सरसता के कारण वे आवेंगे यह मेरा महान् अवलम्बन है। जिस से मैं जीऊँगी ऐसा भाव है। अन्यत्र स्थिति में हेतु कहा गया है। अम्भोज पद से वदनों का शीतलत्व, सुरभित्व, कोमलत्व, अतिसरसत्व सूचित होता है। अथवा—नयनचुम्बनजातनीलिम अधर को निकट में देख कर पहले कभी भ्रमरभ्रम हुआ था। गोपी मुखाम्भोज मधुमत्तत्व वह रसाधिक्य के हेतु श्रीकृष्ण के अधर में आया इस का स्मरण कर इस प्रकार कहने लगीं। उस प्रकार मधुव्रत जिन में इत्यादि। यहाँ आमोद का एव तदनुगतिजातसुखातिशय का मधुव्रतत्व रूप जानना। अथवा—मधु पद से साधारण कमल मधु कहा जाता है। अतः वल्लवीवदनाम्भोज में मधुमत्तमधुव्रत जिस से ऐसा अर्थ है। रतान्त में पद्मिनीरमणियों

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

का पद्मगन्ध उत्पन्न होता है । उस में मत्त मधुव्रतों का आगमन होना स्वतःसिद्ध है। जिस से अधिक रसादिमत्व सूचित होता है। अब धर्म्मान्तर से मधुव्रतत्व का निरूपण कर कहती हैं—निगूढ़रस-विद्" इस पद से। नितरां गूढ़ अर्थात् सर्वदा गुप्त जो रस उस के ज्ञाता। जिस प्रकार भ्रमर कमलनाल-पत्रादि का त्याग कर अन्त-र्निहित गुप्त मकरन्द का पान करता है तथा उस के तथ्य को जानता भी है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण "इस प्रकार निर्बन्ध से यह रस उत्पन्न हो सकता है, यहाँ इस प्रकार नख-दशन दान से यह रस होगा" इस का समस्त जानते हैं । उस से वे महारस के भोक्ता व दाता सूचित होते हैं । अच्छा ? वे गोकुलेश्वर हैं समस्तभय से रहित हैं इस प्रकार गुप्त रमण का क्या हेतु है तो कहती हैं "निगूढ़रसविद्" अर्थात् निगूढ़ता में जो रस उस के ज्ञाता। "गुप्तरूप से रमण में जो रस है वह प्रकट रूप रमण से नहीं" इस अर्थ को वे जानते हैं तथा उस प्रकार विधान करते हैं। अथवा—जब कभी गोपीवेश धारण कर ऊपर महान् वस्त्र से मुख कमल ढ़ाक कर गोपियों में उपविष्ट होते हैं. उस समय कुछ गोपवालक भगवान् यहाँ हैं क्या ? पूछते हुए उपस्थित होते हैं, यहाँ अन्य कोई पुरुष नहीं हैं इस प्रकार गोपियाँ उत्तर देती हैं उस का स्मरण कर कहती हैं—निगूढ़रस-विद्। इस निगूढ़ रहस्य को वे नहीं जान पाते हैं जिस को श्रीकृष्ण ग्रहण करते हैं। इस प्रकार रतिकर्त्ता का निरूपण कर उसके बाद पुष्पावचयन क्रीड़ा का स्मरण कर कहने लगीं—"गोपीचित्ताल्हा-दककाननः" इस पद से। गोपीचित्त आल्हादकारी वन जिन का । वहाँ प्रतिवृक्ष-कोमलदल-प्रसून-लतागृह, जलक्रीडार्थह्रदादि का दर्शन कर तथा एकान्त योग्यस्थल मान कर आल्हादविशेष प्राप्त करते हैं । अथवा—निगूढ़रसविद्गोपीचित्ताल्हादककाननः एक नाम है। यहाँ गोपी विशेषण है। अथवा—गोपियाँ चित्त में जिन-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

को वे, तथा उन के आल्हादकारी कानन जिन का । पहले जब श्रीकृष्ण एव गोपियों की परस्पर में आसक्ति हुई तब श्रीकृष्ण "कहाँ रमण करना चाहिये" इस प्रकार विचार कर तथा वृन्दावन को देख कर परम सन्तुष्ट हुए उस का स्मरण कर कहने लगी। जैसा कि कहा है—"वृन्दावन, गोवर्द्धन, यमुनापुलिन इन सब को देख कर राम-माधव का उत्तम प्रीति हुई" । "कलानिधिः" इस पाठ से अर्थात् "निगूढ़रसविद्रोपीचित्ताल्हादकलानिधिः" इस प्रकार पाठ में बहुव्रीहि समास है । "कामकलानिधि" यह भी अर्थ हो सकता है। अर्थात् गोपीचित्त आल्हाद में कलानिधि (चन्द्रमा) हैं ॥२७॥

उस के बाद स्वयं गोपिकाओं के साथ क्रम से कालिन्दीपुलिन का सम्यक्तया दर्शन कर वन के निकुञ्जों मे क्रीड़ा करनी चाहिये, उस के बाद यहाँ बैठना चाहिये, जलक्रीड़ा भी करनी चाहिये, क्रीडाकरणीभूत वन में सब को परस्पर दर्शनादिक नहीं होता है, पुलिन में सुचारु रूप में सब को हो सकता है इस विचार से अत्यन्त आनन्द उत्पन्न हुआ इस का स्मरण कर कहने लगीं । "कालिन्दीपुलिनानन्दी" इस पद से । कलि का खण्डन करने वाला कलिन्द उस की कन्या कालिन्दी है । उस से गोपियों में परस्पर सापत्न्यभाव का अभाव सूचित होता है। कालिन्दी का जो पुलिन उस में पूर्वकथित जो आनन्द है तद्विशिष्ट ऐसा अर्थ है। अथवा—कालिन्दीपुलिनसम्बन्धि रासरूप जो आनन्द तद्विशिष्ट। अथवा कालिन्दीपुलिन में आनन्दत्व जिन से। यहाँ भाव प्रधान है। उस के बाद एक ही स्वरूप में स्थित हो कर बहुतों के निकट बहु स्वरूप में प्रकटित रूप से जो विलास किया है उस को कहती हैं—"क्रीड़ाताण्डवपण्डितः" इस पद से। क्रीड़ारूप ताण्डव के पण्डित अर्थात् अतिचतुर हैं। नियम रहित नृत्य ताण्डव है । उस के पहले क्रीड़ा-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

शब्द की योजना है । तात्पर्य्य—किसी को रमण कराते हैं, किसी को अर्द्धरता करा कर उस को त्याग कर अन्य को परिरम्भण करते हैं, पुनः उस का त्याग कर अन्य का चुम्बन करते हैं, निकटस्था किसी का त्याग कर दूरस्थित अन्य का ग्रहण करते हैं, ऐसा सूचित होता है। रसशास्त्र कथित पाण्डित्य का यहाँ स्पष्ट है। श्रीकृष्ण इस प्रकार क्रीड़ा करते हैं जिस से रस का उत्तरोत्तर आधिक्य हों। उस के बाद सब के साथ रमण करने लगे इस आशय को लेकर कहने लगीं। "आभीरिकानवानङ्गरङ्गभूमिसुधाकरः" इस पद से। आभीरिका रूप नवीन कामदेव की जो रङ्गभूमियाँ हैं तत्सम्बन्धि सुधाकर अर्थात् चन्द्रमा हैं। जिस जिस क्रीड़ा से वे आनन्दित होती हैं उस क्रीड़ा के कर्त्ता ऐसा अर्थ है । नवीनत्व का तात्पर्य्य-प्रसिद्ध काम से वह काम भिन्न है, जो श्रीकृष्ण के अधिदेव है। प्राकृत काम महादेवजी के द्वारा दग्ध हुआ है, यह तो यहाँ उद्भव अर्थात् विकाश प्राप्त हुआ है । "व्रजानङ्गनवाङ्कुर" इस नाम में हेतु के साथ हम ने विस्तार कर कहा है। रङ्गभूमि शब्द से रणभूमि तथा विलासभूमि कही जाती है। उस से उन में रतिकौशलता सूचित होती है। अर्थवा—नव शब्द भूमि विशेषण है । आभीरिओं की नवीन जो अनङ्गरङ्गभूमियाँ अर्थात् उरःप्रदेश है तत्सम्बन्धिनी जो सुधा अर्थात् कामरस है उस का आकर अर्थात् स्थान है। लौकिक चन्द्रमा लौकिक सुधा का आकर रूप से कहा जाता है, श्रीकृष्ण अलौकिक इस सुधा के आकर हैं। कर पक्ष में भी ऐसा अर्थ है । नवीन शब्द से कैशोर-यौवन की मध्यावस्था सूचित होती है। अतः पहले अचतुरा ही थीं भगवद्दर्शन मात्र से रसशास्त्रनिपुणा हुईं । इसी लिये पहले आभीरिका शब्द का प्रयोग है । आगे "विदग्धा" ऐसा कहेंगी। अथवा—सामान्य क्रीड़ा कह कर तल्पादिओं में विशेष क्रीड़ा कहती हैं—"आभीरिका" इस पद से । उन की नवानङ्ग-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सम्बन्धिनी जो रङ्गभूमियाँ हैं अर्थात् पुष्पादिशय्या है उन में सुधा-कर अर्थात् दर्शन-आश्लेष-चुम्बन-रमण-नखादि मयूखों से निखि-लतापहारी ऐसा अर्थ है। इस से अन्धकार की शंका तथा प्रदीपादि की अपेक्षा निरस्त हो रही है। अथवा—पूर्वोक्त सुधा में सुधा-निमित्त कर जिन के वे, गोपीवक्ष में दत्तकर उन का स्मरण कर कहने लगी ॥२८॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण का चातुर्य्य कह कर अब अपनी चतुराई का स्मरण कर कहने लगीं—"विदग्धगोपवनिताचित्ताकूतविनोद-कृत्" इस पद से।

विदग्धा अर्थात् सर्वांश में अतिचतुरा जो गोपवनिताएं हैं उन के चित्त में मनोरथ के द्वारा पूर्व विचारित विनोदों के कारक। श्री-कृष्ण जब किसी दिन रात्रि में मिलेंगे तो हम सब उन को बाँध कर रखेंगी, हसेंगो इस प्रकार विचार कर बैठी हुई थीं, श्रीकृष्ण ने उन की कुछ अपेक्षा नहीं की। इस से रमण का अति सरसत्व सूचित होता है। श्रीकृष्ण की विदग्धता गोप-सम्बन्ध से है स्वयं से नहीं है। सर्वदा गोचारण के कारण अतिचतुरता का उनमें अभाव है। अथवा श्रीकृष्ण के उस प्रकार विनोद समूह हैं। उस प्रकार को वनिताएं चित्ताकूत-विनोदकारी जिन की। जब कभी श्रीकृष्ण राधिका को बुला कर उस को अन्य आसङ्ग करा कर चुम्बन करूँगा ऐसा विचार कर बुलाने लगे तथा समागत राधिका को गोद में बैठा कर समाचार पूछने लगे। राधिका श्रीकृष्ण का अक-स्मात् चुम्बन कर "यह समाचार" है एसा कहने लगी। उस समय महान् विनोद हुआ, उस का स्मरण कर कहने लगीं, इसी लिये विनोद पद दिया गया है। इस प्रकार एकान्त में कुछ गोपियों के साथ श्रीकृष्ण के रमण होने पर अन्य गोपियाँ उन के द्वारा प्रेषित दूती के द्वारा प्राणनाथ की पुलिनस्थिति जान कर विविध वस्तु

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

लेकर वहाँ आईं। इस का स्मरण कर राधिका कहने लगीं—"नानोपायनपाणिस्वगोपनारीगणावृतः" इस पद से। अथवा—रमण के बाद समस्त ब्रजबालाओं को श्रान्त व संभुक्ता जान कर कुछ गोपियाँ समस्त द्रव्य लेकर प्रिय के निकट आईं, उस का स्मरण कर कहने लगीं। नानाविध जो उपायन हैं अर्थात् शिखरिणी-पक्वान्न-घृत-दुग्धादि, ताम्बूल-चन्दन-कस्तूरी आदि सुगन्ध-द्रव्य, वस्त्र-माल्य-पुष्पादि हैं वे हस्तस्थित जिन के इस प्रकार गोप-रमणियों के जो समूह उन से आवृत।

यहाँ उपायनों को पाणिस्थ कहा गया है, जो उन के आगमन के बाद रमण स्थल त्याग कर अति प्रशस्त यमुना निकट निबिड़ तरुछाया में उपवेशन कर आगे की लीलाएँ करने की इच्छा से है। नहीं तो सामग्रीयाँ वहाँ ही पड़ी रहतीं। जैसे कि कहा है—"तदनन्तर यमुना के उपवनों में जल-स्थल में" इत्यादि पद्य से। ये समस्त गोपियाँ श्रीकृष्ण के निमित्त लौकिक-वैदिक मर्य्यादा नहीं मानती हैं और समस्त त्याग कर भजन करती हैं। अतः श्रीकृष्ण भी लोक-वेदातीत फल उन्हें देते हैं" इस का ज्ञापनाथ गोपसम्बन्ध का निरूपण किया गया है। सब इस प्रकार की हैं इसका ज्ञापनार्थ अथवा यूथ-भेद ज्ञापनाथ गणपद का प्रयोग है ॥२६॥

इस प्रकार गति निरूपण कर वहाँ जा कर जो करने लगे उस-का वर्णन करती हैं—"वाञ्छाकल्पतरुः" इस पद से। वाञ्छा में कल्पतरु ऐसा अर्थ है। उत्फुल्ल कमल वाली, मयूर-कलहंसादि से शब्दित यमुना में कमल एव तटस्थित विविध प्रसूनों से रमणार्थ धीरसमीर से सेवित विरचितस्थली का दर्शन कर जलक्रीड़ा की इच्छा हुई। उस समय श्रीकृष्ण जलक्रीड़ा के द्वारा श्रम दूर करने के लिये वह क्रीड़ा करने लगे। जैसा कि कहा है—"उन के साथ मिल कर श्रम दूर करने के लिये" इत्यादि। यहाँ वाञ्छापद से उन के

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विना कहे भी करने लगे ऐसा सूचित होता है। कल्पतरु के हेतु समस्त अनायास से करना एवं अविकृत रहना सूचित है। वह कल्पवृक्ष देवभोग्य वस्तु है उसी प्रकार श्रीकृष्ण इन की भोग्यवस्तु हैं। इस प्रकार सामान्य रूप से जलविहार कह कर वहाँ रमण क्रीड़ा का निरूपण करती हैं—"कामकलारसशिरोमणिः" इस पद से।

कामरूप जो कला तत्सम्बन्धी जो रस उस में शिरोमणि अर्थात् सर्वश्रेष्ठ। इस प्रकार कामकलारस का इन के बराबर कोई नहीं जानता है। जल में रतिक्रीड़ा करना कठिन होता है। श्रीकृष्ण लौकिक-अलौकिक अनुभावों से समस्त करते हैं। कलाशब्द से विचित्रत्व द्योतित होता है · कामकलारसों के शिरोमणिभूत अर्थात् उस प्रकार के रसरूप हैं। समान जातीय में उत्कर्ष की योग्यता होती है। उस से निरन्तर पूर्णरस का सूचित होता है। अथवा-वह रस शिरोमणिभूत जिन से वे . कामरस तो पहले पापहेतु के कारण मर्य्यादा में अत्यन्त तुच्छ है। अब श्रीकृष्ण ने ब्रह्मानन्द-मोक्षादि से अधिक रूप उसे बनाया है। इस प्रकार जलक्रीड़ा के बाद तट पर आकर अंग प्रोंछनादि करने लगे, उस के बाद वस्त्रादि पहन कर सब के साथ भोजनादि किया। अनन्तर ताम्बूलादि भक्षण कर उष्णीष,कञ्चुकादि धारण कर वहाँ आसन पर बैठे। वे सब श्री-कृष्ण के कपाल में तिलक करने लगीं, कपाल-तल से लेकर सर्वांग चन्दन का लेपन किया, माला पहिनाई, स्वयं परस्पर में शृङ्गार-तिलक-अञ्जनादि कर पुष्पमाला पहन कर श्रीकृष्ण को चारों ओर घेर कर बैठ गईं। पूर्व शोभा का स्मरण कर राधिका कहने लगीं—"कन्दर्पकोटिलावण्यः" इस पद से। कोटि यहाँ उपलक्षण मात्र है। असंख्य कन्दर्पों से भी अधिक लावण्य जिन का वे,दशम स्कंध में कहा है—"श्रीहरि त्रैलोक्यलक्ष्मी के एक मात्र आस्पद (भंडार) शरीर का धारण कर गोपीसमाज में शोभित हुए"। इस प्रकार सौन्दर्य्य

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

का निरूपण कर रासपूर्वकालीन प्राकट्य के बाद पुलिन में आसनोपरि विराजमान श्रीकृष्ण की शोभा स्मरण कर जिस प्रकार वहाँ उपविष्ट होकर अङ्गसङ्ग-वचनादिओं से पूर्व विरहताप का दूर किया है उस प्रकार अभी आकर पूर्वताप का दूर करें इस भाव से तत्कालीन शोभा को कहती हैं—"कोटान्दुललितद्युतिः" इस पद से । 'कोटी शब्द पूर्व की भाँति असख्यबाची है । असंख्य चन्द्रों से भी ललित मनोहर कान्ति जिन की ऐसा भावार्थ है। उस से निर्म्मलत्व, अन्य प्रभाओं से अपराभवत्व, सर्वदा एक रूपत्व, गोपीवदनविकास-कारित्व इत्यादि सूचित हैं। अतः श्रीकृष्ण के समक्ष लौकिकचन्द्र लीलोपयोगी होना उचित नहीं हैं। वह तुच्छ प्रभावाला है, उद्दीपनादि में उस का प्रयोजन नहीं है। वृन्दावनसम्बन्धि यह तो अलौकिक श्रीकृष्ण के मनोऽधिष्ठाता है। जो लीलोदय के समान काल में उदय होता है, लीलोपराम के समान काल में उपराम होता है । मध्या-काश में उस की केवल गतिमात्र है। वह अस्तादि रहित है।

यह समस्त "तदोडुराज" इस श्लोक में निरूपित किया गया है। उन रात्रियाँ तथा उस लीला के नित्यत्व के कारण इस विषय में क्या प्रत्याशा हो सकती है।? द्युति के तथात्व निरूपण के द्वारा अङ्ग सङ्ग के बिना ही प्रसरणशील भगवत्प्रभा सम्बन्ध से तापापगम सूचित होता है । जिसकी प्रभा इस प्रकार की है, उस का सग का कहना ही क्या है ऐसा भाव है। अथवा—रास में निज निकटस्थ श्रीकृष्ण के दर्शन से तथा श्रीकृष्ण के द्वारा रसार्थ प्रकटित अन्य स्वरूपों के प्रदर्शन से वहाँ वहाँ प्रभा को ही देखने लगीं उस का स्मरण कर राधिका कहती हैं "कोटीन्दुललितद्युतिः "इस नाम से ॥३८॥

इस प्रकार करण में क्या अभिप्राय है तो कहती हैं—

"जगत्त्रयमनोमोहकरो" इस पद से। जगत्त्रयपद से वहाँ की स्थित रमणियाँ कही जाती हैं, वे ही जगत् में हैं अन्य नहीं, जिनको

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

यह मोह हो सकता है । औरों की अनवस्थितिमानने वाली वे ही जगत्पद से कही जाती हैं। उन के मन के मोहन अर्थात् वशीकरण रूप हैं यह अर्थ है । त्रिजगत् रमणियों के मन को मोहित करना ही उद्देश्य जिन का । इसी लिये वे लीला ही करते रहते हैं। जैसा कि कहा है—'श्रीकृष्ण उस प्रकार क्रीड़ा का भजन करते हैं जिस का श्रवण कर तत्परता होती है" । जब मोहन मात्र उन का उद्देश्य है, और वह सम्पन्न होता रहता है तो मेरी वार्त्ता का क्यों चलायमान करेंगे ऐसा भावार्थ है । स्त्रियाँ स्वभाव से कामवश होकर पुरुष के वश में आ जाती हैं, श्रीकृष्ण के वश में आ जाना क्या विशेषता है तो कहती हैं–"मन्मथमन्मथः" इस पद से । मन्मथ किसी के वश में नहीं रहता है परन्तु समस्त प्राणी उस के वश में हो जाते हैं। मैं अधिक क्या कहूँगी ऐसा भाव है। अथवा—रास के पूर्वसमय विरह से जड़वस्तु में चेतनकार्य्य मान कर भगवद्गमन विषय में गोपियों के द्वाराजो प्रश्नकरण–लीलादिकरण हुआ था उसका स्मरण कर कहने लगीं इस प्रकार स्वभाव वाले श्रीकृष्ण हैं। जगत्त्रय में गोपियों का जो मनो मोह वह ही उद्देश्य जिन का वे । उस के बाद क्रम से प्रादुर्भूत का स्मरण कर "मन्मथमन्मथः" यह कहने लगीं। "साक्षा-न्मन्मथमन्मथः" ऐसा भी दशम में कहा गया है। विरह का स्वभाव अति कठिन होता है, उस में कामादि भाव तिरोहित प्राय रहता है। भगवद्दर्शनमात्र से वह उद्भव नहीं होता अतः स्वयं श्रीकृष्ण उस रूप में प्रकट होते हैं। वह रूप हृदय पर आरुढ़ होता है, तब उस का उद्भव भी अवश्य होता। वह रस ही है, नहीं तो रसाभास माना जावेगा। अतः श्रीभागवत में "कोई रमणी श्रीहरि के करा-म्बुज का ग्रहण करने लगी" यहाँ पर विरहतापत्याग कह कर भी पुनः श्रीकृष्ण का बचन सुन कर "विरहजतापं जहुः" इत्यादि कहा गया है। ताप के रहते उस का संगत हो सकता है। अच्छा ? तो यह

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

क्यों ? तो कहती हैं—"गोपसीमन्तिनीशश्वद्भावापेक्षापरायणः" इस पद से। गोपसीमन्तिनी का निरन्तर जो कामभाव तथा अपेक्षा है ये दोनों परायण अर्थात् उद्देश्य जिन के ऐसा अर्थ है। इसी लिये वे ऐसा ही करते रहते हैं। अथवा—उन के जो शश्वद्भाव अर्थात् निकटस्थिति तथा अपेक्षा है वे दोनों उद्देश्य जिन के। गोपसीमन्तिनी-सम्बन्धिनी जो निकटस्थिति अपेक्षा है उस के परायण अर्थात् विषय हैं ॥३१॥

उस प्रकार के धर्मवान् श्रीकृष्ण परित्यक्त नहीं हो सकते हैं इस आशय से कहती हैं—"नवीनमधुरस्नेह" इस पद से। सर्वदा नवीन मधुर स्नेह जिन का ऐसा अर्थ है। नूतन वस्तु ही प्रचुर मात्रा वाली होती है। श्रीकृष्ण की समस्त वस्तु नूतन के कारण प्रचुरमात्रा वाली हैं। मधुर शब्द से आसक्ति की हेतुता दिखलाई गई है। नवीनता के कारण अन्यासक्तिविस्मारकत्व तथा अत्यन्त अभिलाषत्व सूचित है। अथवा—नूतन वस्तुओं में मधुर स्नेह जिन का। अत्यन्त दुःख से ईषत् कोप करती हुई इस प्रकार कहती हैं। इस प्रकार भगवद्निष्ठ धर्म्म का निरूपण कर स्वनिष्ठ धर्म्म का निरूपण करती हैं "प्रेयसीप्रेमसञ्चयः" इस पद से। प्रेयसियों के अर्थात् भगवद्प्रिय गोपियों के प्रेम का सञ्चय जहाँ। कहीं प्राप्त वस्तु एक ही स्थान पर गुप्त रूप से रखने का नाम सञ्चय है। पुत्र-वित्त-गेह-देहादि स्थित स्नेह को अन्य कोई नहीं जान सकता उस प्रकार श्रीकृष्ण में समर्पित ऐसा तात्पर्य्य। वस्तुतः समस्त गोपियों ने यहाँ भगवत्प्राकट्य जान कर समस्त आशा का त्याग कर गाढ़रूप से हृदय में प्रेम का सञ्चय किया वह अब भगवद्रूप से प्रकट होने लगा। अतः श्रीभागवत में "चिरकाल से तुम में आशा का धारण करने वाली" ऐसा गोपियों ने श्रीकृष्ण से कहा है। प्रेम सञ्चय रूप भगवत्प्रेयसीत्व निरूपण के द्वारा इन के भगवत्प्रेमसञ्चय-रूपत्व का

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सूचित होता है । अथवा कभी श्रीकृष्ण राधा आवेंगी इस प्रकार विचार कर निकुञ्ज में पुष्प-चन्दन-अञ्जन-नीवी-कस्तूरी-विविध भक्ष्य-ताम्बूलादि संग्रह कर प्रतीक्षा करने लगे। उस के बाद राधा के आने पर उन को विविध प्रकार से शृङ्गार कर रमण करने लगे, उस का स्मरण कर कहने लगीं-"प्रेयसीप्रेमसञ्चयः" इस नाम से। प्रेम के द्वारा सञ्चय जिन का वे । इस प्रकार बाह्य कह कर एतत् कालीन अन्तर का स्मरण कर कहने लगीं—"गोपीमनोरथाक्रान्तः" इस पद से । गोपी विषयक जो मनोरथ ऐसा करूँगा इस प्रकार विचार उस से आक्रान्त अर्थात् व्याप्त । अन्यभाव रहित ऐसा तात्पर्य्य । अथवा—यदि श्रीकृष्ण भक्तगृह में गमन कर रहे हैं तो उन की प्राप्ति कैसी होगी इस लिये कहती हैं—गोपियों के मनोरथ से आक्रान्त ऐसा। उस से हमारे भाव के व्यतिरिक्त अन्य का प्रवेश नहीं है ऐसा भावार्थ है । यह स्वरूप उन के लिये है ऐसा सूचित होता है। अतएव श्रीभागवत में "श्रुतियों से विमृग्या" ऐसा कहा गया है। "तासामाविरभूत्" "एवं मदर्थे" इत्यादि पदों का ऐसा हि भाव है । परम भाग्यवन्त जन इस का विश्वास करें, अधिक क्या लिखेंगे।

अथवा—जब पहले दर्शनान्तर भगवद् आश्लेषादि मनोरथ-व्याप्ति के द्वारा स्वयं विस्मृतगेहादि हुईं उस का स्मरण कर कहती हैं—गोपीमनोरथ की आक्रान्ता जिन से वे । अथवा गोपी मनोरथ से आक्रान्ता जिनमें यह विपरीत भाव का स्मरण कर कहा गया है। इस प्रकार मनोरथ कहे जाने पर पहले जब कभी श्रीकृष्ण ने अपना नृत्य देखा कर निजमनोरथ की पूर्त्ति की। उस का स्मरण कर कहती हैं—"नाट्यलीलाविशारदः" इस पद से । नाट्यलीला में अतिचतुर ऐसा अर्थ है । निरर्थक तत् तथ्यादि शब्द से नृत्य सरस है इस का ज्ञापनार्थ लीलात्व का निरूपण है । अथवा—नाट्य पद से

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

शास्त्रीय शुद्धमार्ग कहा जाता है। लीलापद से देशीय नृत्य है।

अतः नाट्य में तथा लीला में उस प्रकार विशारद ऐसा अर्थ है। अथवा कभी राधा के द्वारा श्रीकृष्ण के समक्ष नृत्य किये जाने पर श्रीकृष्ण पद पद में उत्तम है उत्तम है इस प्रकार शिरः कम्पन कर अनुराग पूर्वक ईक्षण के साथ अतिप्रमोद से निकट में बुला कर आश्लेष करने लगते हैं उस का स्मरण कर कहने लगीं। पूर्वोक्त विशारद शब्द का अर्थ अतिरसिकज्ञाता है। वह रसिकज्ञाता जिस-से ऐसा भी अर्थ है। श्रीकृष्ण स्वयं नृत्य कर सिखाते हैं ऐसा भावार्थ है ॥३२॥

इस प्रकार सरस भगवन्नृत्य का निरूपण कर उस सरसता का कारण कहती हुई, तत्कालीन अर्थ का निरूपण करती हैं—"प्रत्यङ्गरभसावेशप्रमदाप्राणवल्लभः" इस पद से। रभस पद से नृत्य में प्रतिपद में अभिनय दर्शनेच्छाजात उत्साहविशेष बोध है। प्रत्यङ्ग में रभसावेश जिन का वे। सर्वत्र अभिनय में उस प्रकार होना सूचित हो रहा है। उस से अत्यन्त सरसता प्रकट होती है ऐसा भाव है। यहाँ देशीय नृत्य निरूपित हुआ है। आरम्भ में पश्चाद्देशीय शुद्धमार्गीय नृत्य की परिस्थिति सूचित हुई। द्रष्टा रूप में किसी को आगे बैठा कर नृत्य करते करते रसोद्गम में राधा के साथ नृत्य करने लगे उस का स्मरण कर कहती हैं—"प्रमदाप्राण-वल्लभः" इस पद से। प्रकृष्ट मत्तता जिस की उस के प्राणों से भी प्रिय ऐसा अर्थ। जिस प्रकार श्रीकृष्ण रभस युक्त हैं उस प्रकार राधिका भी इस का ज्ञापनार्थ प्रमदापद का प्रयोग है। दोनों की तुल्यता में ही सरसता है। अथवा—प्रमदा ही प्राणवल्लभा जिनकी वे। अथवा—प्रत्यङ्ग इत्यादि से रमणसामयिक श्रीकृष्ण कहे जाते हैं यहाँ प्राण पद बलपरक जानना। अथवा-रास के पहले अन्तर्द्धान के बाद प्रकट होने में कौन जान सकता, अब श्रीकृष्ण कहाँ से

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

आवेंगे। उन का अन्वेषण के लिये प्राणों का धारण करेंगी इस प्रकार वियोगभय से प्राणों में अन्तर का स्थापन करने लगीं उस का स्मरण करं कहती है। स्थापन में सामर्थ्यसूचनार्थं प्रमदा इस पद का प्रयोग है। अब अपने प्रमदात्व का निरूपण कर उस प्रकार श्रीकृष्ण का भी निरूपण करती है—"रासोल्लासमदोन्मत्तः" इस पद से। रासरूप जो उल्लास अर्थात् उत्साह उस में जो मद उस से उन्मत्त। उसी रसपूर्त्ति से उल्लङ्घितमर्य्यादा वाले। अर्थात् स्वात्मारामत्व-ब्रह्मत्व-पूर्णकामत्वादि विस्मृत। अतः भागवत में "यथा मदच्युद्द्विरद" यह दृष्टान्त है। मत्त का ही उस प्रकार होता है। अथवा—रासोल्लासमदोन्मत्ता गोपियाँ जिन से। भागवत में "तदङ्गसङ्गप्रमदा" इत्यादि श्लोक से वैसा ही कहा है। रास से इतर विस्मारकत्व स्वभाव का निरूपणार्थ मद पद का प्रयोग है। अच्छा उस प्रकार उन का स्मरण किस प्रकार हो सकता है तो कहती है—"राधिकारतिलम्पटः" इस पद से। राधा की जो रति उस में लम्पट। अर्थात् उस का त्याग करने में असमर्थ। अथवा राधिका रतिलम्पटा जिन में वे। अथवा—कभी दिवस में निकुञ्ज-पुष्पशय्या में चिरकाल से क्रीड़ा कर आश्लिष्ट होकर शयन किये हुए थे। उस समय कोई गोपी प्रणयभर अमृत-सागर-तरङ्गावलियों में सुप्त जान कर पीछे रह कर राधिका में अपने निर्भर स्नेहोत्साह-वशंवद् मनवाली हो वह रसार्थ पूछती हुई कहने लगी राधिका के रतिलम्पट यहाँ हैं। उस समय अर्द्धसुप्तोत्थित राधा अत्यन्त प्रमोद से वस्त्रग्रहण छल से कंकण का झनत्कार करने लगी। तदनन्तर समागत उस गोपी को एकान्त में बैठा कर अपने नाम के सम्पर्क से प्रिय नाम का श्रवण कर अत्यन्त प्रसन्ना हुई। भगवद्रसचिन्हादि निभृत आलिङ्गन से अत्यन्त निर्वृत्ता वह उस गोपी के साथ एकान्तवार्त्ता करने लगी, उस समय महान् रस का अनुभव हुआ,

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

उस का स्मरण कर यह नाम कहने लगी । अथवा—अन्यत्र अवधि कर समस्त रात्रि अपने निकट विताई । प्रातःकाल अपने कंठ में भुजा क्षपण कर चुम्बनादि करते हुए उस गोपी के निकट उपस्थित हुए । उन की गति स्खलित हो गई तथा नयन घूर्णायमान हो गये थे । निकट में उस की सखियाँ श्रीकृष्ण को देख कर "नाथ आ रहे हैं" इस प्रकार कहने लगीं । वह गोपी दर्शन आर्त्ति से पीड़िता थी, अतः मान नहीं कर सकी । वह रसस्वभाव से झुटमुट वदन छिपा कर मौन रही । श्रीकृष्ण आकर अनेक चाटुकार करने लगे । वह पुलकित होकर अञ्चल से अपने मुख को ढकने लगी । कन्दर्पशर जात पुलकों से अपने सर्वांग छिपा न शकीं पुनः वह खिन्नमना हो कर काकुवचन से उन के दासीत्व का ज्ञापन करती कहने लगी । "राधिकारतिलम्पट (श्रीकृष्ण) मेरे समीप कहाँ से आये हैं, यद्यपि राधिकाप्राण-रूपा आप (वह सखी) राधिकारमण से प्रसन्ना है तो भी नूपुरों के शब्दों से राधिकागमन को अनजानती सी वहाँ ठहरी । उस समय राधिका उस के चिबुक को धारण कर "मान करती हो तो करो परन्तु एक बार मुखचन्द्र का दर्शन कराओ" ऐसा कह कर वदन उठाने लगी । वह रस से अथवा चिन्हों से परिपूर्णा राधा को देख कर अत्यन्त प्रमोद से मानिनी की भाँति राधा को आलिङ्गित करने लगीं । उस समय श्रीकृष्ण ने हँस कर दोनों का आलिङ्गन किया । वह भी प्रियदर्शन प्रमोदभरवशा हो कर प्राणनाथ को आलिङ्गित करने लगी । उस समय श्रीकृष्ण ने उसे महान् रस दिया, वह स्वयं भी अत्यन्त सन्तुष्ट हुई, उस का स्मरण कर यह नाम कहा गया है, अभी आईये इस भावना से ॥३३॥

इस प्रकार अपने रमण का उत्तरकाल स्मरण कर तथा रमणसमय स्मरण कर कहने लगी—"खेलालीलापरिश्रान्तः" इस पद

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

से । खेला अर्थात् क्रीड़ा उस में जो लीला अर्थात् बन्धादिरूप है उस से परिश्रान्त । अथवा—कभी श्रीकृष्ण तथा राधिका दोनों "जिस का जय होगा वह इस प्रकार चुम्बन-बन्धादि अपने गुणानुसार करेगा" ऐसा अपने अनुरूप पणबन्ध कर पासा खेल रहे थे । तदनन्तर श्रीकृष्ण के एवं राधिका के पर्य्याय रूप से अपने अपने जय के बाद निज जयानुरूप पण-बन्धादि लीलाकरण से परिश्रम उत्पन्न हुआ । यद्यपि श्रीकृष्ण का श्रम है तो भी रसाधिक्य में स्त्री पुरुषभाव प्राप्त करती है इस कारण अपने श्रम मान कर कहती है । अथवा—वहाँ परिश्रान्ता होकर भी अपरिश्रान्ता जिन से वे । जैसा कि कहा है—"तासामतिविहारेण" इत्यादि श्लोक में । "तत्कररुहस्पर्शप्रमोदा" इत्यादि । "ताभिर्युतः श्रममपोहितुं श्रान्तो वाऽविशत्" इत्यादि । यद्यपि नायकश्रम नायिका का वाञ्छनीय नहीं तो भी वे श्रीकृष्ण हैं अतिमोहन हैं, सुखद हैं इस अभिप्राय से श्रम निरूपित है । जैसा कि कहा है—"उत्सवं श्रमरुचापि दृशीनामुन्नयन्" इत्यादि । अर्थात्—

जहाँ श्रममात्र में ऐसा है तो उस प्रकार श्रम में कहना ही क्या है। रसिकता में अनेक अर्थ निकलते हैं । श्रमकार्य्या कहती हैं—"स्वेदाङ्कुरचिताननः"नाम से । प्रस्वेद के अङ्कुर अर्थात् सूक्ष्मजलकणों से व्याप्त आनन जिन का वे । उस समय मुखारबिन्द का ही दर्शन हुआ, उस में पुनःमनोहर श्रमकण उत्पन्न के कारण मुखकमल कहा गया । मुक्ताफलों की भाँति वे अत्यन्त शोभा प्राप्त हो रहे हैं । अङ्कुर उक्ति के द्वारा क्षण काल के बाद वे किञ्चित् पुष्ट होते है ऐसा सूचित है । उस प्रकार के आनन गोपियों का जिस से ऐसा अर्थ भी है । अब क्रम से रतान्तसामयिक प्राणनाथ का निरूपण करती है—"गोपिकाङ्कालसः" इस पद से । गोपिका के अङ्क में अलस अर्थात् निष्पन्द रूप से क्षणमात्र स्थित । "निसर्गता

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

से ही सुख है" इस न्याय से यहाँ सुखातिशय का व्यक्त होता है। अथवा-पूर्वनाम से रतान्त कह कर पश्चाद् बहिःउपवेशन स्थान में समागत होकर गोपिका-गोद में उपविष्ट हुए। "गोपिकाङ्कालस" इस नाम से ऐसा कहा गया है। अथवा—उरवो अर्थात् अङ्क वे जिस प्रकार शिथिलगतिवाले होते हैं उस प्रकार श्रीकृष्ण भी हैं, इसी लिये "गोपिकाङ्कवत्" कहा है। इस से वे बलात् प्राणनाथ को अपने गोद में बैठा कर अपने घर पर एकान्त स्थल में लेकर अभ्यङ्गादिक करती है यह सूचित होता है। अनन्तर श्रमापगम का कथन करती है—"श्रीमन्मलयानिलसेवितः" इस पद से। श्रीमान् जो मलयसम्बन्धि अनिल है उस से सेवित ऐसा अर्थ है। सेवन शब्द से मान्द्यता, मलय-सम्बन्ध से सौरभ्यता, श्रीमत् पद से शैत्यता सूचित हैं। श्री लक्ष्मी है तद्विशिष्ट ऐसा अर्थ है। यमुना के सूक्ष्म जल कण धारण करना जिस का परम धन है। अतः उस प्रकार श्रम में उस का अलौकिक सामर्थ्य सूचित होता है। अथवा-यहाँ लक्ष्मी अवसर प्राप्त कर "व्यजनादि करना मेरा उपयोग है" ऐसा मान कर वृक्षान्तर में छिप कर भय व लज्जा से अपने को गोपन करती देखने लगती। वहाँ भी अपने को अनुपयोग देखती हुई दक्षिण दिशा में ठहरती है, उस समय मलयानिल आकर उस के मुखामोद विशेष का ग्रहण करता है जिस से वह श्रीमान् होता है इसी लिये "श्रीमद्" ऐसा प्रयोग हुआ है। भागवत में कहा है-"लक्ष्मीनिरन्तर आश्रय करती है"। अत एव श्रीकृष्ण गोपिकाङ्कस्थिति के द्वारा लक्ष्मी के प्रति अपने गोपिकावश्यत्व ज्ञात कराते हैं। यहाँ अधिक विस्तार नहीं किया जा रहा है। राधिका के द्वारा कथित इन नामोक्ति समानकाल में श्रीकृष्ण प्रकट हुए ऐसा जानना। अतः उस समय श्रीकृष्ण की अतिशय शोभा देख कर "श्रीमत्" ऐसा कहा है। पूर्वानुसन्धान से त्वरागमनवश एक, दो, तीन श्रमकण देख कर मलयानिलसेवित

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ऐसा कहा है। यहाँ कर्मधारय समास जानना ॥३४॥

अत एव फल भी उत्पन्न हुआ है इस का ज्ञापनार्थ फलश्रुति कहती है—"इत्येवं प्राणनाथस्य" इत्यादि। समाप्ति में इति शब्द है। एवम्भूत अर्थात् पूर्वोक्तरूप जो प्रेमरूप अमृतरस है उस का अयन अर्थात् स्थान ऐसा अर्थ है। अथवा-प्रेमसम्बन्धी अमृतरूप जो रसायन अर्थात् प्रेमकृतव्यथा में व्यथानिवृत्त्युपायभूत महौषधि है। अमृतशब्द से अनुभवदशा में सुखद है अन्य की भाँति दुःखद नहीं है ऐसा सूचित है। इस से उक्ति में हेतु कहा गया है। भगवन्निष्ठ हेतु कहती है—"प्राणनाथस्य" इत्यादि पद से। प्राणों के वे ही नाथ हैं अर्थात् रक्षकत्वादि सर्वधर्म्मवान् हैं। प्राणरक्षा के लिये ही यह निरूपित हुआ है ऐसा सूचित है। अथवा—प्राणनाथ के पूर्वोक्त प्रेमरूप ऐसा अर्थ है। अन्तःस्थित प्रेम ही इस रूप से प्रकटित है ऐसा हार्द है। उस का विशेषण अमृत शब्द है। अमृत का अर्थात् रसों का जो अयन अर्थात् स्थान है ऐसा अर्थ है। विषय कह कर विधेय कहते हुए फल कहती है "यः पठेदिति" पदों से। सामान्योक्ति से यहाँ वर्णादि नियम नहीं है ऐसा सूचित किया जाता है। वा शब्द अनादर में है। उस से श्रवण हों, कीर्त्तन हों अथवा स्मरण हों किन्तु एतन्निष्ठत्व की अपेक्षा अवश्य रहती है। अपि शब्द से समुच्चय में तथात्व का सूचित है। वह प्रेमरूपत्व के कारण प्रेम्णि अर्थात् भगवत्प्रेम में प्रकर्षतया संमिलित होता है। प्रेमवान् होता है ऐसा अर्थ है। पुल्लिङ्गनिर्देश स्वातन्त्र्यपरक है। उस से स्त्रियों के भी प्रेम होता है। उस उत्कट प्रेम का उदय होने पर क्षणकाल भी विरह सहन नहीं करता है। जिस प्रकार गोपियाँ है। वह फल किन्तु अविनाशी है तो कहती है—"ध्रुवं" इस पद से। ध्रुवशब्द क्रिया-विशेषण वाची है। यह सत्य है इस में कोई सन्देह नहीं है ऐसा भावार्थ है ॥३५॥

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ब्रजवधूओं के प्रसाद श्रीयुक्त निज हृदय में यह सर्वस्व प्रणयिरसिकों के अत्यन्त प्रमोद के लिये अपने प्रयत्न से प्रकट हुआ है। जो निरन्तर शीघ्रता से प्रियतम ब्रजस्त्रीसौभाग्य का मुझ में विशेषतया प्रदान करें ॥१॥

यद्यपि अतिगोप्य के कारण इस महद् औषध का प्रकाशन करना अनुचित है तो भी अनुपान आश्रित के कारण प्रकाश रूप हुआ ॥२॥

मेरी प्रार्थना यह है कि रसिकजन स्वच्छन्दतया अहर्निश इसका अवलोकन करें परन्तु इस रस के अनभिज्ञ वैष्णव न देखें ॥३॥

इति वृन्दावनसागरचन्द्रमा के दास्यार्थी विट्ठल ने प्रेमामृत औषध का यह अनुपान प्रस्तुत किया है ॥४॥

इति कुसुमसरोवर निवासी कृष्णदास के द्वारा श्रीविट्ठलेश्वर-विरचित प्रेमामृतविवरण का अनुवाद सम्पूर्ण हुआ।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

(२) शिक्षाष्टकम्

चेतोदर्पणमार्ज्जनं भवमहा-दावाग्नि-निर्व्वापनं
श्रेयः कैरवचन्द्रिका-वितरणं विद्यावधू-जीवनम् ।
आनन्दाम्बुधिवर्द्धनं प्रतिपदं पूर्णामृतास्वादनं
सर्वात्मस्नपनं परं विजयते श्रीकृष्णसंकीर्त्तनम् ॥ १ ॥
नाम्नामकारि बहुधा निजसर्वशक्ति-
स्तत्रार्पिता नियमितः स्मरणे न कालः ।
एतादृशि तव कृपा भगवन्ममापि,
दुर्द्दैवमिदृशमिहाजनि नानुरागः ॥ २ ॥
तृणादपि सुनीचेन तरोरपि सहिष्णुना ।
अमानिना मानदेन कीर्त्तनीयः सदा हरिः ॥ ३ ॥
न धनं न जन न सुन्दरीं कवितां वा जगदीश कामये ।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद्भक्तिरहैतुकी त्वयि ॥४॥

जो मानस-दर्पण की मलिनता को दूर करता है तथा जो संसार रूप दावाग्नि का निवारक है, जो मगल रूप कैरवचन्द्रिका (श्वेतपद्म की शुभ्रज्योत्सा) को वितरण करता है तथा विद्या (परा) रूप वधू का जो जीवन स्वरूप है, जिसके श्रवण से आनन्द सागर की वृद्धि होती है तथा जिसके पद पद में परिपूर्ण अमृत का आस्वादन होता है उस सर्व आत्मा स्निग्धकारी श्रीकृष्ण-नाम-संकीर्त्तन की सर्वोपरि जय हो ॥ १ ॥

हे भगवन् ! आपकी इस प्रकार की करुणा है कि आपने आपके नाम समूह में अपनी समस्त शक्ति अर्पण कर दी है और वह नाम समूह के स्मरणादि करने के विषय में कोई देश, काल, नियम नहीं रखा है, परन्तु मेरा ऐसा दुर्द्दैव है कि उन नामों में अनुराग नहीं हो रहा है ॥२

अब जिस प्रकार नाम ग्रहण करने से प्रेम-प्राप्ति होती है उसे कहते हैं—तृण से भी नीच, (नम्रता), वृक्ष से भी सहनकारी होकर निरभिमान से दूसरे को मान देते हुए सदा हरिकीर्त्तन करें ॥३॥

अब श्रीमन्महाप्रभु आपने को भक्तावेश में कहते हैं-हे जगदीश! मैं धन,

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अयि नन्दतनूज ! किङ्करं पतितं मां विषमे भवाम्बुधौ ।
कृपया तव पादपङ्कजस्थित-धूलि-सदृशं विचिन्तय ॥५॥
नयनं गलदश्रुधारया वदनं गद्गदरुद्धया गिरा ।
पुलकैर्निचित वपुः कदा तव नामग्रहणे भविष्यति ॥६॥
युगायितं निमिषेण चक्षुषा प्रावृषायितम् ।
शून्यायितं जगत् सर्व्वं गोविन्द-विरहेण मे ॥७॥
आश्लिष्य वा पादरतां पिनष्टु, मामदर्शनान्मर्म्महतां करोतु वा ।
यथा तथा वा विदधातु लम्पटो, मत्प्राणनाथस्तु स एव नापरः ॥८॥
॥ इति श्रीगौरचन्द्रमुखपद्मविनिर्गतशिक्षाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

जन, सुन्दरी, कविता को कामना नहीं करता हूँ, किन्तु आपसे यह प्रार्थना करता हूँ कि जन्म जन्म आप में मेरी अहैतुकी भक्ति हो ॥४॥

हे नन्दनन्दन ! विषम भवसागर में निमग्न मुझे अपना पादपद्म स्थित रजः कणिका के समान दास्यरूप से ग्रहण कीजिये । यह भी प्रभु को दैन्योक्ति है ॥५॥

हे प्रभो ! कब तुम्हारे नाम ग्रहण करने में मेरी ऐसी दशा होगी कि—विगलित अश्रुधाराओं से नयन युगल भर जायगा तथा गद्गद् वाणी से वदन रुक जायगा और पुलकावली से सर्व शरीर खचित (युक्त) हो जायगा । यह भी दैन्योक्ति है ॥६॥

अब प्रभु विरह भाव से कहते हैं:—श्रीगोविन्द के विरह में मेरे लिये निमेषकाल युग की तरह हो रहा है, नयनों से वर्षाकालीन वारिधारा समान निरन्तर अश्रुधारा बह रही है और समस्त जगत शून्यमय हो रहा है ॥७॥

अब श्रीमन्महाप्रभु किशोरी-भावाविष्ट में अपने को कहते हैं—हे सखि ! वे हरि मुझे आलिंगन प्रदान कर चरणरत किंकरी करें व अत्यन्त दुःख देकर पीश डारें किम्बा अदर्शन से मर्म्माहत करें अथवा लम्पट होकर जहाँ तहाँ विलास करें किंतु वे मेरे ही एक मात्र प्राणनाथ ही हैं अपर कोई नहीं हैं ॥८॥

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi